RNI NO-UPHIN/2023/84340

सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 06 जनवरी 2025 | वर्षः 02, अंकः 322, पृष्ठः 8, मूल्यः 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

महाकुंभ मेले को उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपित बिहार से गिरफ्तार

महाकुंभ नगर

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिहार के पूर्णिया जिले से गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला राजेश कुमार द्विवेदी ने रविवार को बताया कि पकड़े गये आरोपित का नाम आयुष कुमार जायसवाल है। उसने सोशल मीडिया पर 'नासिर पठान'के नाम की फर्जी आईडी से धमकी दी थी। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। लोकेशन ?के आधार पर प्रयागराज पुलिस ने बिहार पुलिस के साथ मिलकर पुर्णिया के शहीदगंज पंचायत के वार्ड नंबर चार से आयुष को धर दबोचा। बिहार के भवानीपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि यूपी पुलिस आरोपित आयुष को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि 31 दिसंबर 2024 को धमकी देने के बाद आरोपित नेपाल भाग गया था। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नेपाल में वह किन लोगों से मिला और वहां उसकी गतिविधियां क्या थीं। यह भी जांच हो रही है कि इस साजिश में उसका कोई साथी शामिल था या नहीं। पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि यूपी पुलिस आरोपित को प्रयागराज ले जाकर पूछताछ कर रही है। साथ ही, स्थानीय पुलिस भी उसके संपर्कों और नेपाल यात्रा

'अब कहीं नहीं जा रहे'...सीएम नीतीश कुमार

गलती से चले गए थे अब नहीं जाएंगेः सीएम नीतीश कुमार

मुजफ्फरपुर में भी नीतीश कुमार ने कहा- अब इधर-उधर नहीं जाएंगे

लालू और तेजस्वी के दांव को गलत साबित करने के लिए हो रही बयानबाजी

पटना

प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार यह कह रहे कि वह अब कहीं नहीं जा रहे। साथ में भाजपा नेता व उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी साथ थे। गोपालगंज के बाद रविवार को मुजफ्फरपुर में उन्होंने यह बात बड़े मजबूत अंदाज में दोहरायी। शनिवार को गोपालगंज में जब उन्होंने यह बात की तो उसका महत्व इस वजह से था कि दो दिन पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने यह कहा था कि महागठबंधन में नीतीश कुमार के लिए दरवाजा खुला हुआ है। इसके बाद से राजनीतिक गलियारे में कई तरह की चर्चा आरंभ हो गयी थी। मुख्यमंत्री ने जिस समीक्षा बैठक में यह बात कही उसमें भाजपा के जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। दरअसल लालू प्रसाद के वक्तव्य के बाद यह भ्रम हो गया था कि नीतीश कहीं फिर से भाजपा को न छोड़ दें।

राजद के इस दांव को भोथरा करने के लिए नीतीश अब लगातार यह बात कह रहे कि वह कहीं नहीं जा रहे। गलती से चले गए थे अब नहीं जाएंगे। राजद नेताओं ने इसके बाद यह कहना शुरू कर दिया है कि नीतीश डरे हुए हैं।

इस बात को लेकर हमलावर हैं नीतीश

नीतीश अपनी प्रगति यात्रा में अब राजद के 15 वर्षों के कार्यकाल में जो स्थिति थी उस पर हमलावर हैं। वह कह रहे कि वर्ष 2005 से पहले बिहार की हालत काफी खराब थी।

शाम के बाद लोग घर से बाहर निकलने से डरते थे। अस्पतालों में इलाज का इंतजाम नहीं था। सड़कें जर्जर थीं।

मुख्यमंत्री नीतीश ने प्रगति यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर जिले को 451 करोड़ की 76 योजनाओं की दी सौगात

पटना/मुजफ्फरपुर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में मुजफ्फरपुर जिले को 451 करोड़ 40.12 लाख रुपये की 76 योजनाओं की सौगात दी है। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं। हम दो बार गलती से उधर चले गए थे, अब एनडीए में ही रहेंगे और साथ मिलकर काम करेंगे। हिंदू-मुस्लिम सहित सभी वर्गों के हित के लिए हमने काम किया है।

'जबसे काम का मौका मिला तब से बिहार की स्थिति बदली'

सीएम नीतीश ने कहा कि प्रायः हिन्दू-मुस्लिम के बीच झगड़े की बात सामने आती थीं। जबसे हमलोगों को काम करने का मौका मिला तब से बिहार की स्थिति बदली है।

नीतीश अल्पसंख्यकों के लिए काम पर भी बोल रहे। इसे उनकी यूएसपी माना जाता है। गोपालगंज की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अब तक आठ हजार कब्रिस्तानों की घेराबंदी करा दी है।

शेष बचे कब्रिस्तानों की घेराबंदी भी जल्द करा दी जाएगी। मंदिरों में मूर्ति चोरी की घटनाएं बढ़ने को ध्यान में रख मंदिरों की चहारदीवारी कराने का निर्णय लिया गया।

महिलाओं के उत्थान की बात का ब्योरा दिया

मुख्यमंत्री ने अपने पसंद के विषय महिलाओं के उत्थान पर भी समीक्षा बैठक में बात की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 2016 में सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया। बिहार में अब महिला स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10.61 लाख हो गयी है।

चारा घोटाला में लालू प्रसाद को जेल पहुंचाने और सजा दिलाने वाले थे सुशील मोदीः सम्राट चौधरी

पटना

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सुशील कुमार मोदी ने लालू प्रसाद और उनके जैसे बड़े घोटालेबाजों को कानून के शिकंजे में लाकर जेल भेजने का काम किया। चारा घोटाला हो, महागठबंधन सरकार के समय का मॉल-मिट्टी घोटाला हो या रेलवे की नौकरी के बदले गरीबों की जमीन लेने का घोटाला हो, सुशील मोदी ने लालू परिवार के हर भ्रष्टाचार को पुख्ता सबूत के साथ उजागर किया। वे एक तरफ भ्रष्टाचार और घोटालों पर हमला करते रहे तो दूसरी तरफ बिहार में एनडीए सरकार और विकास की राजनीति के बड़े शिल्पकार भी थे। सुशील कुमार मोदी शोध संस्थान के तत्वावधान में राजधानी के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित जयंती समारोह में सम्राट चौधरी ने कहा कि सुशील मोदी 13 वर्षों तक बिहार की एनडीए सरकार के वित्त मंत्री रहे। इस नाते उन्होंने वित्तीय अनुशासन लाने और बिहार को बीमारू राज्य की कतार से उठाकर सबसे तेज विकसित होने वाला प्रदेश बनाने में बड़ी भूमिका निभायी। चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और तेज विकास दर हासिल करने में सुशील मोदी ने हमेशा नीतीश का साथ दिया। वे इन्ही क्षमताओं की वजह से मुख्यमंत्री के निकट थे। उन्होंने कहा कि भाजपा-जदयू की गठबंधन सरकार को टिकाऊ और परिणामदायक बनाने में सुशील मोदी ने समन्वय का जो राजनीतिक कौशल दिखाया, वह हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

एसपी ने समस्त थानों के पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर के साथ गोष्ठी कर दिए-निर्देश

सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी । रविवार को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में जनपद के समस्त थानों के पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर, मॉनीटरिंग सेल तथा माफिया सेल के साथ गोष्ठी की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि पैरोकार न्यायालय व थाना के बीच सामंजस्य बनाये रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं तथा समस्त पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिर को समय से न्यायालय पहुंचकर मा0 न्यायालय के आदेशों-निर्देशों का अनुपालन कराने व विचाराधीन मुकदमों में समय से

गवाहों के लिए सम्मन/वारण्ट भेजने और तामीलाशुदा सम्मन/वारण्ट को न्यायालय में समय से प्रस्तुत करने, महत्वपूर्ण मुकदमों जैसे- हत्या, पॉक्सो एक्ट या महिला सम्बन्धित मुकदमों, गोकशी, गोतस्करी, गैंगस्टर, मादक पदार्थों की तस्करी आदि मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर गवाहों को पेश करने व अधिक से अधिक मुकदमों में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। जिन अभियोगों में गवाह कमजोर हैं उन अभियोगों की भी समीक्षा की गयी जिससे उन गवाहों की काउंसलिंग करके प्रभावी गवाही करायी जा सके एवं फर्जी जमानतदारों को चिन्हित करने हेतु भी निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रि को सख्त हिदायत भी दी गई कि पुलिस स्तर से न्यायालय के कार्य में किसी प्रकार का विलम्ब न होने पाये साथ ही मॉनिटरिंग सेल में पोर्टल पर फीड उन मुकदमों जिनमें आरोप पत्र लग चुका है अति शीघ्र माननीय न्यायालय में दाखिल करने हेतु एवं पोर्टल पर फीड जिन मुकदमों में आरोप पत्र माननीय न्यायालय दाखिल है उनमें अतिशीघ्र आरोप तय करने हेतु एवं जिन मामलों में ट्रायल चल रहा है उनमें गवाही अति शीघ्र पूर्ण कर कर सजा कराने हेतु एवं टॉप 10 के अपराधियों/माफियाओं को विशेष पैरवी करके उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं महिला संबंधी अपराध में विशेष पैरवी करके उनमें भी सजा कराने हेतु निर्देश दिए गए।

डीएम ने जनसेवा केन्द्र-थुलगुला का निरीक्षण कर लिया जायजा

स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री योजनान्तर्गत सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्र-थुलगुला दारानगर का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री जनहित व शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्हांने जनसेवा केन्द्र संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री ऑनलाइन के कार्यों को पूरी जिम्मेदारीपूर्वक किया जाय। फार्मर रजिस्ट्री योजना किसानों से सम्बन्धित समस्त लाभ दिये जानें के लिए महत्वपूर्ण योजना है, किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करवायें।

चोरी के भैंस का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज थाने हरीश तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त कन्धई पुत्र घनश्याम निवासी जमालमऊ थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को चाकवन चौराहा से राला जाने वाली रोड़ पर भट्ठा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की जामातलाशी से 5000 /- रुपये बरामद हुआ। पूछताछ से अभियुक्त द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पहले रुपनारायणपुर सैलाबी से भैस चोरी की थी, उसे बेचने पर प्राप्त हुए रुपये में से बचे पैसे हैं, शेष रुपये खर्च हो गए हैं।

जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार, नगदी बरामद

कौशांबी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उ०नि० शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर 04 अभियुक्तों राहुल कुमार पुत्र रामचन्द्र , कमलेश पुत्र महरानीदीन . मोनू पाल पुत्र गुलाब पाल नि०गण नूरपुर मोहिउद्दीनपुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी . अश्वनी उर्फ रजत कुशवाहा पुत्र द्वारका प्रसाद नि० उमरछा थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 600 रुपये तथा जामातलाशी से 930 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

महिलाओं को जागरुक कर सुरक्षा का कराया एहसास

सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर । पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्लमिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा

जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930-साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया

डीआईजी यातायात ने महाकुंभ को लेकर की समीक्षा बैठक दिए निर्देश

कौशांबी पहुंचते ही डीआईजी यातायात का एएसपी व सीओ ने किया स्वागत

हनुमान प्रसाद शुक्ल
सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। रविवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक यातायात निदेशालय लखनऊ सुनील कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुगार्भाभी सभागार में महाकुम्?भ-2025 के दृष्टिगत जनपद कौशाम्?बी में होल्डिंग/पार्किंग एवं यातायात ट?यवस?थाओं की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें डीआईजी द्वारा महाकुम्?भ के दौरान जनपद कौशाम्बी से होकर गुजरने वाले श्रद्धालुओं के लिये विश्राम

करने एवं रात्रि में ठहरने हेतु बनाये गए होल्डिंग एरिया में मूलभूत सुविधाओं (पेयजल, शौचालय, अलाव एवं प्रकाश आदि) की समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था किए जाने हेतु बताया गया ।पुलिस बल द्वारा श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखते हुए उनकी सहायता के लिए तत्पर रहने हेतु जोर दिया गया । साथ ही विशेष पर्वों एवं अन्य अवसरों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अतिक्रमण आदि हटाए जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्?बी राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात जनेश ?वर प्रसाद पाण ?डेय, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

कप्तान ने चौकी सिद्धौर मुख्य द्वार, कार्यालय व आवास/बैरक के सौन्दर्यीकरण व जीर्णोद्धार का लोकार्पण किया

सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी। रविवार को पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह द्वारा चौकी सिद्धौर थाना असन्द्रा के मुख्य द्वार, कार्यालय व आवास/बैरक के सौन्दर्यीकरण व जीर्णोद्धार का लोकार्पण किया गया । पुलिस अधीक्षक ने चौकी परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश

नारायण सिंह, प्रभारी निरीक्षक असन्द्रा जितेन्द्र प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी सिद्धौर राम प्रकाश मिश्रा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

महाकुंभः एनडीआरएफ के बचावकर्मियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

सबसे तेज प्रयागराज

महाकुंभनगर। "स्वच्छ कुंभ, दिव्य कुंभ" की अवधारणा को साकार करने और "स्वच्छ महाकुंभ अभियान" को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से, महाकुंभ क्षेत्र में तैनात एनडीआरएफ के बचावकर्मियों ने उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में एक व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुंभ क्षेत्र को स्वच्छ रखना और स्वच्छता से होने वाले लाभों के प्रति जनमानस को जागरूक करना था। यह अभियान नमामि गंगे यूथ ब्रिगेड और बीएसजी प्रयागराज के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने कहा,"महाकुंभ मेला प्रशासन दिन-रात इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में जुटा हुआ है। हमारा उद्देश्य है कि मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को स्वस्थ, सुरक्षित और समावेशी माहौल प्रदान किया जाए। यह लक्ष्य तभी हासिल हो सकता है, जब सभी का सामूहिक प्रयास हो।"

स्वच्छता अभियान के दौरान एनडीआरएफ कर्मियों ने मेले के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई की और उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। यह पहल न केवल कुंभ क्षेत्र की स्वच्छता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामाजिक जागरूकता फैलाने का एक सराहनीय प्रयास भी है।

महाकुंभ के प्रति एनडीआरएफ की यह प्रतिबद्धता प्रेरणादायक है और इस ऐतिहासिक आयोजन को स्वच्छ एवं दिव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

दुष्कर्म के तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस उ०नि० अजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त श्रीकान्त पुत्र दशरथलाल पटेल निवासी ग्राम जानकीपुर मजरा पहाड़पुर सुधवर थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गुंगवा की बाग तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

थाना पिपरी उपनिरीक्षक भगवान यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा 2 वांछित अभियुक्तों विनीत कुमार सिंह पुत्र स्व० सुरेन्द्र निवासी जजवासी थाना सांडी जनपद हरदोई . फूलचन्द्र उर्फ गंगू पुत्र दुलम चन्द्र उर्फ लाला गुप्ता नि० बूंदा थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को ससुर खदेरी नदी बल्हेपुर के पास से गिरफ्तार किया गया।

111 ग्राम अवैध मारफीन बरामद, एक गिरफ्तार



सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी। थाना रामसनेही घाट पुलिस टीम द्वारा रविवार को अभियुक्त अनवर उर्फ कल्लू पुत्र मुनव्वर निवासी कोटवा सड़क थाना रामसनेही घाट जनपद बाराबंकी को कल्यानी नदी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 111 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर लिखा पड़ी किया।

तमंचा कारतूस संग युवक बंदी

बाराबंकी। थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा रविवार को अभियुक्त कल्लन पुत्र लल्लू निवासी ग्राम गढ़ी कस्बा व थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस.315 बोर बरामद किया गया।

विद्यालय के निदेशक ने किन्नर अखाड़ा प्रमुख शिक्षा पर किया चर्चा

सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज। पं रामचन्द्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल झलवा के निदेशक सुभाष चन्द्र मिश्र ने आज सिविल लाइंस में किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज से मिलकर आशीर्वाद लिया। निदेशक सुभाष चन्द्र मिश्र ने कहा कि वह विद्यालय में संगोष्ठी के माध्यम से बच्चों, शिक्षक, शिक्षिकाओं को थर्ड जेंडर के बारे में विस्तार से जानकारी चाहिए जिससे कि समाज में व्याप्त भ्रान्तियां दूर हो सके। इस पर किन्नर अखाड़ा के आचार्य

महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा कि वह आपके विद्यालय आकर बच्चों और शिक्षकों को जानकारी देगी जिससे कि थर्ड जेंडर को लेकर समाज में जो भी भ्रान्तिया है वह दूर हो सके। इस दौरान किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज और विद्यालय के निदेशक सुभाष चन्द्र मिश्र के बीच शिक्षा को लेकर अलग-अलग विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

ओम नमः शिवाय के गुरुदेव का किन्नर अखाड़ा में होगा अभिनंदन

सबसे तेज प्रयागराज

महाकुंभ नगर। महाकुंभ नगर के सेक्टर -16 संगम लोवर मार्ग पर किन्नर अखाड़ा का भव्य शिविर लगा हुआ है। शिविर में माघ मेला, अर्द्ध कुंभ मेला, कुंभ मेला और महाकुंभ मेला में सबसे बड़ा अन्नक्षेत्र चलाने वाली संस्था

ओम नमः शिवाय के गुरुदेव का समाजसेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भव्य अभिनंदन और सम्मान समारोह 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे से होगा। किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने बताया कि ओम नमः शिवाय के पूज्य गुरुदेव जिस तरह से मेला क्षेत्र और कोविड के दौरान प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, सीतापुर, लखीमपुर-खीरी सहित अन्य जिलों में दिन, रात कई माह तक लोगों को खाना खिलाया था उससे लोगों को समाज सेवा की सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब आदमी का पेट भरा रहता है तो उसकी सोच और काम बेहतर रहता है। ओम नमः शिवाय प्रयागराज के पूज्य गुरुदेव के अभिनंदन के दौरान अखिल भारतीय दण्डी संन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज चरखी दादरी हरियाणा और जगदगुरू नारायणाचार्य स्वामी शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर धाम मौजूद रहेंगे।

तीन वारंटी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

स्वाती मिश्रा
सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना कोखराज उपनिरीक्षक अभिषेक गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा डीपी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त बद्री प्रसाद पुत्र रामलाल निवासी चमन्धा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

थाना कोखराज उपनिरीक्षक अतुल श्रीवास्तव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त कमल चन्द्र सरोज पुत्र रामसिंह उर्फ अमर सिंह निवासी बिसारा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

थाना कोखराज थाने अंशुमान मिश्रा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वाद वारण्टी अभियुक्त मक्खन लाल पुत्र कुल्लू उर्फ भूली निवासी निधियावां थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब की तस्करी करने वाला गिरफ्तार, कब्जे से अंग्रेजी शराब 300 बोतल व कार बरामद

सबसे तेज प्रयागराज

बाराबंकी। जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनपद में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से अवैध शराब की तस्करी करने वाले अभियुक्त योगेन्द्र पुत्र जितेन्द्र राजपूत निवासी खरकोदा थाना खरकोदा जनपद सोनीपत, हरियाणा को बरहाहार मोड़, थाना कोतवाली नगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब 300 बोतल (750`' की) व एक कार बरामद किया।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अपने अन्य साथी के साथ मिलकर चार पहिया वाहन से हरियाणा प्रान्त से अवैध शराब की तस्करी करता है तथा पुलिस टीम से बचने के लिए कार की नम्बर प्लेट को चेंज कर दिया जाता है। फरार अभियुक्त विकास उर्फ विक्की की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

धोखाधड़ी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना औंग पुलिस द्वारा धोखाधड़ी अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम होलापुर थाना औंग जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

खखरेरू पुलिस ने दो वारंटी पकड़े

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना खखरेरू पुलिस द्वारा दो अभियुक्त बच्चीलाल पुत्र लालता प्रसाद.सोहनलाल पुत्र बच्चीलाल निवासीगण कबरा थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

चोरी की घटना का खुलासा, तमंचा कारतूस नगदी बरामद

सबसे तेज प्रयागराज

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना बिन्दकी पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विकास कुमार पुत्र गुरूप्रसाद निवासी मोहल्ला जहानुपर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम

दिनेश कुमार, प्रभारी चौकी खजुहा. उ0नि0 श्री संजय सिंह परिहार प्रभारी चौकी कस्बा, थाना बिन्दकी फतेहपुर।

एएसपी के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान, संदिग्ध व्यक्तियों की ली तलाशी

ब्यूरो चीफ
सबसे तेज प्रयागराज

कौशांबी। रविवार को महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में

सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर व महिला थाना पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया।

पुण्य सलिला मां नर्मदा की गोद में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने नर्मदा पूजन कर मनाया अपना जन्मदिन

सिलवानी।
पूर्व मंत्री एवं क्षेत्र के नेता ठाकुर रामपाल सिंह ने अपना जन्मदिन शहीदी ग्राम बोरास में मां नर्मदा तट पर मनाया। परिवार के साथ साधु संतों के बीच शिव अभिषेक एवं नर्मदा की पूजा-अर्चना की। सुंदरकांड पाठ के बाद उनके शुभचिंतक एवं कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री को पुष्पाहार से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। पूजा-अर्चना के पश्चात रामपाल सिंह ने उपस्थित क्षेत्र के साधु, संतों,

महात्माओं का आशीर्वाद लिया।
साथ ही कन्याओं को दक्षिणा देकर उनसे भी दीघार्यु का आशीर्वाद लिया। रामपाल सिंह एक एक कार्यकर्ता से मिले एवं बधाई स्वीकार की। साथ ही बुजुर्गों एवं ब्राह्मणों का आशीर्वाद लिया।
सिलवानी नगर एवं क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने लाडले नेता को जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। अपार ऊर्जा के स्त्रोत, विनम्र एवं मददगार विधायक रामपाल सिंह राजपूत को बधाई देने जनपद पंचायत अध्यक्ष तरुवर सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय शुक्ला भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू,मंडल अध्यक्ष पूर्व क्षेत्र पप्पू ठाकुर भाजपा नेता विभोर नायक,पाषर्द प्रदीप कुशवाहा, मोहन साहू ,गुड्डू भाई, भाजपा युवा मोर्चा आनंद सहरिया,सिद्धार्थ समैया,मदन राय भाजपा कार्यकर्ता सदस्य सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता ने फूल मालाओं से स्वागत कर जन्म दिन की शुभकामना दी।

एक तमंचा दो जिन्दा , तीन मिस फायर कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

सबसे तेज प्रयागराज
फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा दौराने चेकिंग मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त शेष्यानन्द उर्फ शेरा पुत्र फूलचन्द्र उम्र करीब वर्ष निवासी ग्राम इन्द्रो थाना गाजीपुर जनपद 28 फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक तमन्चा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर व 3 मिस फायर कारतूस 315 बोर बरामद किया गया ।
गिरफ्तार करने वाली टीम
थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य, उ0नि0 श्री रामकृपाल. का0 विवेक कुमार गुप्ता।

पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना गाजीपुर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त ताज मोहम्मद उर्फ झूरीं पुत्र मो0 नईम निवासी ग्राम पखरौली थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।
गिरफ्तार करने वाली टीम
थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य थाना गाजीपुर. उ0नि0 रामबाबू यादव. उ0नि0 सावन कुमार पटेल।

मंडल आयुक्त व पुलिस कमिश्नर ने मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज । महाकुम्भ मेला-2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत रविवार को पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत, पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम कुमार द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण/ निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लेते हुये विभिन्न अखाड़ों के संत/महात्माओं से शिष्टाचार भेंट कर कुशलक्षेम लिया गया ।

कमला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल से लोगों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं : नंद गोपाल गुप्ता

हास्पिटल के प्रबंधक निदेशक, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डा सुनील विश्वकर्मा ने दी विस्तार से जानकारी

टैगोर टाउन में कमला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल का हुआ शुभारंभ

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने आज विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त कमला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल का दीप प्रज्वलन और फीता काटकर शुभारंभ किया। अत्याधुनिक सुविधाओं और हाईटेक चिकित्सीय मशीनों से युक्त कमला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के प्रबंध निदेशक / जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डा सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि हास्पिटल में कैंसर जैसी भयावह बीमारी से लेकर हार्ट, किडनी सहित अन्य बीमारियों का इलाज होगा। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों के उपचार के लिए लोगों को अलग - अलग अस्पतालों में जाना पड़ता है लेकिन अब एक ही छत के नीचे सभी बीमारियों का संपूर्ण और सुरक्षित इलाज किया जाएगा।
कमला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के प्रबंध निदेशक / जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डा सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि इस पुण्य काम में अपनी मां कमला देवी व पत्नी डा कीर्ति को मुख्य श्रेय दिया जिनके हर सुख - दु:ख में खड़े होने की वजह से आज वह यह कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि परिवार और मित्रों के सहयोग से ही इसकी परिकल्पना संभव हुआ है।
अस्पताल के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि कमला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के अंदर सभी रोगों का इलाज होना प्रयागराज जिले के लिए बहुत अच्छी बात है, इससे मरीजों व तीमारदारों को काफी राहत मिलेगी और यहां, वहां भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी रोगों का किफायती दर पर इलाज मिलना बड़ी बात है।
हास्पिटल के शुभारंभ अवसर पर विशिष्ट अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल, फूलपुर के विधायक दीपक पटेल, विधायक ई हर्षवर्धन बाजपेई और एमएलसी डा केपी श्रीवास्तव ने सामूहिक रूप से उपचार के लिए ऐसी व्यवस्थित चिकित्सा व्यवस्था की सराहना की और मरीजों को दूर दराज जिलों में जाने से बेहतर अब अपने जिले के जाने-माने सर्जन है और दूरबीन विधि के सर्जरी में पारंगत हैं।इनके बात करने का तरीका मरीजों के हर वर्ग को प्रभावित करता आया है।
उन्होंने कहा कि डा सुनील विश्वकर्मा कमला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के माध्यम से अपनी कुशल टीम के साथ मरीजों और चिकित्सको के बीच सौहार्दता की एक नयी मिशाल पेश करेंगे।
अस्पताल में सेंट्रलाइज्ड एसी के साथ जनरल वार्ड, सेमी प्राइवेट वार्ड, केबिन रूम, प्राइवेट रुम, डिलक्स रूम जैसी सुविधाएं मरीजों के तीमारदारों को संतुष्ट करेगी। साथ ही अस्पताल के अंदर ही मरीजों के खाने की व्यवस्था उनके स्वास्थ्य का और बेहतर ख्याल रख पाने में सहायता करेगी।
कमला मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल के शुभारंभ के अवसर पर केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डा सुशील सिन्हा, जेडी कार्यालय में वित्त एवं लेखाधिकारी कीर्ति विश्वकर्मा, एस आर एन हास्पिटल के असिस्टेंट प्रोफेसर डा संतोष सिंह, अपना ब्लड बैंक के प्रबंधक निखिल श्रीवास्तव, साईं नाथ मेडिकेयर के डायरेक्टर डा अविनाश विश्वकर्मा, रूद्रा फार्मा के डायरेक्टर गौरव सिंह, फतेह बहादुर सिंह डिग्री कालेज के प्रबंधक राज तिलक सिंह, वर्टेक्स फार्मा के प्रबंधक सौरभ गुप्ता, गौरव धुरिया (कार्डियो), ग्लोबल कमला हास्पिटल के प्रबंधक हरिशंकर विश्वकर्मा, कमला हास्पिटल के प्रबंधक सुशील विश्वकर्मा सहित अन्य लोग थे।

ठंडी के मौसम में कौशांबी सिस्टम का गांव में जुल्म--आशीष मिश्रा

दिन में नेटवर्किंग सिस्टम नहीं खुलता इसलिए रात में मुनादी करके कराई जा रही केवाईसी

सबसे तेज प्रयागराज
कौशाम्बी। किसानों की केवाईसी करने के लिए नेटवर्किंग समस्या के चलते ठंड के मौसम में आधी रात को कर्मचारियों को गांव जाना पड़ रहा हैं कर्मचारी भी ठंड में परेशान हो रहे हैं और आधी रात को किसान भी परेशान हो रहे हैं कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार की इस व्यवस्था की कड़े शब्दों में आलोचना की है कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कड़कड़ाती ठंड 3 डिग्री टेंपरेचर शनिवार की रात के 10:35 बज रहे हैं ठंडी अपने चरम पर है गांव में लाउडस्पीकर से मुनादी हो रही है कि ब्लॉक से सिगरेट्री व अन्य कर्मचारी आए हुए हैं किसानों की केवाईसी व रजिस्ट्रेशन करने के

लिए रात में इसलिए आए हैं क्योंकि दिन में साइट नहीं खुलती सिस्टम सुधारने के बजाय रात में बेचारे कर्मचारियों से इतनी ठंडी में प्रशासनिक अमला काम करवा रहे हैं इन कर्मचारियों के परिवार व बच्चों पर क्या गुजरती होगी कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने कहा कि यह बिना परिवार और बेऔलाद क्या जाने सरकारी कर्मचारी भी इंसान ही होता है साहब रजिस्ट्रेशन की डेट बढ़ाकर आगे भी किया जा सकता है जिनको रजिस्ट्रेशन कराना है वो रजाई से निकलकर प्रधान जी के घर तक नहीं जा रहे हैं दूसरे जिले गांव का व्यक्ति हमारे गांव में इतनी ठंडी में घूम रहा है क्योंकि वह सरकारी कर्मचारी है कर्मचारी और किसानों के इस शोषण की कांग्रेस ने कड़े शब्दों में आलोचना की है उक्त बातें कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने कहा है कि आज इस सिस्टम से अधिकारी भी परेशान है और गांव की जनता किसान भी परेशान है उन्होंने कहा कि ठंड के चलते अगर रात में अधिकारियों को कुछ हो जाता है तो क्या सरकार उनके या उनके परिवार के लिए कोई अलग योजनाएं देती हैं अगर नहीं देती है तो इस प्रकार इनका समय बढ़ा दिया जाए ना कि इस कड़ाके की ठंड में गांव की गलियों में रात के 11:00 बजे केवाईसी की जाए इसका कोई मतलब है इस मौके पर कांग्रेस के महासचिव कौशलेश द्विवेदी शशि त्रिपाठी हेमंत रावत युगल किशोर त्रिपाठी डॉक्टर आरके मिश्रा नसीमुद्दीन भीमपाल सीताराम गोपाल पाल रामकृष्ण त्रिपाठी गोलू त्रिपाठी सचिन तिवारी आदि लोगों ने मांग की है कि इसकी समय अवधि बढ़ा दी जाए नहीं कभी भी कोई भी अधिकारी कर्मचारी या गांव की जनता किसान के साथ एक बहुत बड़ा हादसा भी हो सकता है गांव में ठंडी के मौसम में कौशांबी सिस्टम का जुल्म से यह व्यवस्था कम नही है।

अनूठी पहल- किसानों को पराली के बदले गोवंश खाद दे रही योगी सरकार

लखनऊ
योगी सरकार पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में बेतहाशा कमी आयी है। योगी सरकार ने किसानों के हित में अनूठी पहल शुरू की है, जिसमें पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 'पराली के बदले गोवंश खाद' योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह अभिनव अभियान प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश में हर वर्ष फसलों की कटाई के बाद पराली जलाने की समस्या बढ़ जाती थी, जिससे वायु प्रदूषण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। इसे रोकने के लिए योगी सरकार ने 28 अक्टूबर से 'पराली के बदले गोवंश खाद' अभियान का संचालन किया। अभियान के दौरान प्रदेश में 2,90,208.16 कुंतल पराली एकत्रित की गई और किसानों को इसके बदले 1,55,380.25 कुंतल गोवंश खाद वितरित की गई।

जीआरपी पुलिस ने स्टेशनों पर चलाया चेकिंग अभियान

सबसे तेज प्रयागराज
प्रयागराज। महाकुंभ2025 के सकुशल एवं निर्विघ्न आयोजन के दृष्टिगत रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अभिषेक यादव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीपाल यादव प्रभारी मेला जोन प्रयाग द्वारा अस्थाई थाना जीआरपी प्रयाग में नियुक्त अधि0/कर्म0गण को श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु वाह्य एवं आन्तरिक यातायात/मूवमेन्ट योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गई व रेलवे स्टेशन प्रयाग के महत्वपूर्ण स्थानों- प्लेटफार्म, होल्डिंग एरिया, सकुर्लेटिंग एरिया, प्रवेश द्वार व निकास द्वार पर भ्रमण कर सघन चेकिंग अभियान चलाया

गया । चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस उपाधीक्षक विवेक रंजन राय प्रभारी मेला सेक्टर प्रयाग, निरीक्षक संतोष कुमार सिंह प्रभारी अस्थाई थाना जीआरपी प्रयाग व जीआरपी/आरपीएफ/सीआईएसएफ /एसचेक टीम अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

फूलपुर कस्बे में महिला पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

सबसे तेज प्रयागराज
फूलपुर। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चलते जा रहे जागरूकता अभियान के क्रम में थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम के निर्देश पर फूलपुर थाना की महिला उप निरीक्षक उपमा,लालसा मौर्या ने शनिवार को नगर पंचायत फूलपुर में मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को उनकी सुरक्षा संबंधी उपायों को बताते हुए उन्हें जागरूक किया। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को सरकार द्वारा दी जा रही सरकारी सहायता के बारे में भी बताया गया। उनके आत्मरक्षार्थ 1090 वूमेन पावर, चाइल्ड हेल्पलाइन, सीएम हेल्पलाइन, वृद्धा विधवा दिव्यांग पेंशन योजना, छात्राओं के आत्मरक्षार्थ से संबंधित पंपलेट बांटते हुए कई सुरक्षात्मक उपाय बताए गए। सभी के हेल्पलाइन नंबर भी बताएं, जिस पर फोन करके दर पर ही विद इन नो टाईम पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती है। इसके साथ ही छात्राओं तथा महिलाओं को सुरक्षात्मक उपाय संबंधी पम्फलेट भी वितरित किए। जिस पर सभी सुरक्षात्मक उपायों का वर्णन है।

फूलपुर में मुख्य रेलवे संरक्षण अधिकारी को अंडर पास हेतु सौपा ज्ञापन

मौजी लाल रावत
सबसे तेज प्रयागराज
फूलपुर। फूलपुर में रविवार को रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे अंदर पास के लिए मुख्य रेलवे संरक्षण अधिकारी रेल मंत्रालय भारत सरकार को फूलपुर पधारने पर रेलवे फाटक 28 सी पार करने हेतु खोलने की मांग करते हुए फाटक के आस पास रहने वालों ने एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें जनहित में बंद फाटक खुलवाने की मांग की गई। जिसमें प्रमुख रूप से स्थानीय लोगों की मांग है कि इसी फाटक से शव यात्रा तथा जनाजा ले जाने हेतु मुख्य मार्ग था। परंतु फाटक मुस्तकिम रूप से बंद हो जाने से सब से ज्यादा शव यात्राओं तथा समपार स्कूल कॉलेज जाने हेतु छात्र-छात्राओं को मुसीबत झेलना होता है आदि मांगे रखी गई। बताते चलें कि मुसलिम बन्धुओं की कब्रिस्तान सिकंदरा रोड होने के कारण उन्हें फाटक पार करना ही है। जिसमें सैकड़ो लोग शामिल रहते हैं। नगर पंचायत के सभासद इस्लाह अहमद उर्फ बबलू तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सै0 एखलाक अहमद, सै0 खुर्शीद अहमद, जाकिर उर्फी एडवोकेट आदि लोगों ने रेल संरक्षण अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए उक्त रेलवे फाटक को जनहित में खुलवाए जाने की मांग की है। उन्होंने सांसद विधायक आदि के द्वारा प्रस्ताव भिजवाने की बात कहते हुए एसडीएम तहसीलदार आदि की रिपोर्ट भी मंत्रालय को भेजवाने के लिए सुझाव दिया।

पश्चिमी यूपी के कई जिलों में टावर लगाएगा बीएसएनएल: 5 किमी की दूरी पर होगा प्रत्येक टावर

गाजियाबाद
भारत संचार निगम लिमिटेड पश्चिमी सर्कल में अपने टावर बढ़ाएगा। इसके लिए 13 से अधिक जिलों में पांच किमी की दूरी पर एक टावर लगाया जाएगा। इसके लिए सर्किल रेट के हिसाब से लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। जनसेवा केंद्र के इंचार्ज राजीव वर्मा का कहना है कि कंपनी के पश्चिमी सर्कल में बरेली, बुलंदशहर, आगरा, पीलीभीत, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, बागपत, अलीगढ़, हाथरस, शाहजहांपुर सहित कुछ अन्य जिले आते हैं। इनमें बीएसएनएल अपने टावर बढ़ाएगा। जिसका सर्वे हो चुका है। प्रत्येक पांच किमी पर एक टावर लगाया जाएगा। लोगों को मुआवजा सर्किल रेट के हिसाब से दिया जाएगा।एनसीआर में कई जगह बीएसएनएल के टावर के पास ही एमटीएनएल का टावर है। इस कारण कई बार कॉल नहीं लगती है। ऐसे में अब बीएसएनएल के टावर बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

क्या सचमुच पेड़ पर उगती है स्पेगेटी! पहली अप्रैल को क्यों हुई फेमस वेट लॉस तो होगा ही... शुगर भी नहीं बढ़ेगी

बच्चा हो या बड़ा, हर किसी को पास्ता खाना बहुत पसंद होता है. पास्ता की कई वैरायटी होती हैं लेकिन लोगों को इसके बारे में पता नहीं होता. स्पेगेटी पास्ता ही है लेकिन लोग उसे नूडल्स समझने की भूल कर बैठते हैं.

स्पेगेटी हर सुपरमार्ट में और रेस्टोरेंट में मिलती है. लेकिन बहुत से लोग इसे देखते ही कंफ्यूज हो जाते हैं. कोई इसे नूडल्स समझता है तो कोई इसे सेवई समझ बैठता है. स्पेगेटी एक इटैलियन डिश है जो पास्ता का ही एक प्रकार है. यह खाने में तो टेस्टी होती ही है लेकिन सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है. 4 जनवरी को National Spaghetti Day मनाया जाता है. इस मौके पर जानते हैं कि लजीज, गोल, लंबे और पतले इस पास्ता को कैसे पॉपुलैरिटी मिली.

कई तरह की स्पेगेटी

पास्ता इटैलियन डिश है. इसे लगभग 2300 साल पहले बनाया गया. तब इसे आटे से चौकोर आकार का बनाया जाता था जो सैंडविच की तरह दिखता था. इसे डीप फ्राई किया जाता था. धीरे-धीरे पास्ता का रंग रूप बदला. इसे कई आकारों में बनाया गया. 1900 में पास्ता की इंडस्ट्री तेजी से बढ़ी और तभी स्पेगेटी का जन्म हुआ. दूसरे विश्व युद्ध से पहले 1955 तक इटली में इसका प्रोडक्शन डबल हो गया था. इटली में स्पेगेटी पहले 14 किलोग्राम प्रति व्यक्ति खाई जाती थी जो बाद में 28 किलोग्राम हो गई. बढ़ती डिमांड के चलते यह इटली से बाहर एक्सपोर्ट भी होने लगी थी.

स्पेगेटी की मोटाई के हिसाब से अलग नाम

स्पेगेटी 10 से 12 इंच लंबी, पतली यानी सिलेंड्रिकल शेप की होती है. इसकी थोड़ी ज्यादा मोटाई हो तो उसे Spaghettoni और बहुत ही पतली मोटाई वाली स्पेगेटी Capellini कहलाती है. स्पेगेटी इटैलियन शब्द spaghetti से बना है जिसका मतलब है पतली तार.

स्पेगेटी के लिए उड़ी अफवाह

1957 में अप्रैल फूल डे के दिन बीबीसी ने अपने कार्यक्रम 'पनोरमा' पर एक 3 मिनट की रिपोर्ट दिखाई जिसमें स्पेगेटी पेड़ पर उग रही थी. यह लोगों के साथ मजाक करने के लिए बनाई गई थी. इस फुटेज में दिखाया गया था कि दक्षिणी स्विट्जरलैंड में एक किसान परिवार स्पेगेटी के पेड़ से स्पेगेटी तोड़ रहा है. हालांकि तब ब्रिटेन के लोग स्पेगेटी से अनजान थे लेकिन कई लोगों ने चैनल पर फोन कर इसे उगाने का तरीका पूछा. कई साल बाद नामी न्यूज चैनल सीएनएन ने इस रिपोर्ट की पोल खोली थी.

हाथ से बनती है फ्रेश स्पेगेटी

इटली के कई घरों में स्पेगेटी हाथों से बनती है. आटे को हाथ की मदद से लंबा-लंबा बत्ती की तरह बनाया जाता है. वहीं, आजकल कुछ मशीनें भी आ रही हैं जिसमें आटा डालते ही स्पेगेटी लंबी-लंबी निकलने लगती है. इस ताजी स्पेगेटी को एक घंटे के अंदर ही बना लिया जाता है और इसका टेस्ट भी बहुत हटकर होता है. वहीं, बाजार में ड्राई स्पेगेटी बिकती हैं. यह सब फैक्ट्री में बनी होती हैं. इसे पहले पानी में उबाला जाता है और इसके बाद बनाया जाता है.

टमाटर की सॉस के बिना अधूरी

पास्ता की कल्पना बिना टमाटर की सॉस के नहीं की जा सकती. पास्ता को पॉपुलर टोमाटो सॉस ने ही बनाया है. स्पेगेटी भी पास्ता ही है इसलिए इसमें इसी को मिलाया जाता है. दरअसल पास्ता को पहले स्नैक्स के तौर पर खाया जाता था. यह ड्राई होता था लेकिन जब सॉस बनने लगी तो पास्ता ड्राई से करी वाला हो गया.

स्पेगेटी, सेवई और नूडल्स में फर्क

स्पेगेटी ड्यूरम नाम के गेहूं से बनती है. गेहूं के आटे को पानी में मिलाकर गूंधा जाता है और फिर इसे सुखाया जाता है. सेवई मैदा से बनती है जबकि नूडल्स मैदा, अंडे और पानी को मिलाकर बनाई जाती है. नूडल्स चीन में बनाई गई थी. स्पेगेटी को उबालने के लिए पानी में जैतून का तेल डाला जाता है, सेवई को दूध में उबाला जाता है जबकि नूडल्स को पानी में नमक और तेल डालकर उबाला जाता है.

गायब होता गंधमर्दन पर्वत



खनन का परिणाम-अगर गंधमर्दन पहाड़ से सारी खनिज संपदा निकाली जाएगी तो न तो भारत सरकार और न ही ओडिशा सरकार को कोई रॉयल्टी मिलेगी, लेकिन यदि खनन होगा तो सभी खनिज संसाधन समाप्त होने के बाद परिणाम गंभीर होंगे। सबसे पहले, गंधमर्दन गायब होने से प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन गड़बड़ा जाएगा। गंधमर्दन में औषधीय पौधों से स्थानीय लोगों को लाभ मिलता है और आयुर्वेदिक उपचार की सुविधा मिलती है।ओडिशा का गंधमर्दन पर्वत एक बार फिर सुर्खियों में है। बलांगीर और बरगढ़ जिले की सीमा पर स्थित यह पर्वत श्रृंखला प्राकृतिक, आध्यात्मिक और जैव-विविधता के लिए महत्वपूर्ण है। 1980 के दशक में गंधमर्दन पर्वत एक राष्ट्रीय मुद्दा बना था। आज वही मुद्दा एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। भुवनेश्वर से 461 किमी, संबलपुर से 165 किमी, बरगढ़ से 105 किमी और पाइका माल से केवल 4 किमी दूर गंधमर्दन पर्वत प्रकृति की खूबसूरत गोद में स्थित है। इस पर्वत की ऊंचाई कहीं 2000 फीट और कहीं 3274 फीट है। गंधमर्दन पर्वत की चोटी पर एक समतल जगह है जिसकी लंबाई करीब 16 किमी और चौड़ाई एक किमी के करीब है।घने जंगलों वाली यह पर्वत श्रृंखला कभी विभिन्न जंगली जानवरों का निवास स्थान थी। सांभर, हिरण से लेकर बाघ और हाथी तक, विभिन्न प्रकार के जानवर यहां रहते थे। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, गंधमर्दन पहाड़ों में पेड़ों की दो हजार से अधिक प्रजातियां हैं, जो पर्यावरण को संतुलित करने और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने में मदद करती हैं। गंधमर्दन पहाड़ों में औषधीय पेड़ों और झाड़ियों की 200 से अधिक प्रजातियां भी पाई जाती हैं। यहां से सुनारी धारा सहित 4 धाराएं और 22 जल निकाय निकलते हैं जिनमें से अंग और सुकतेल नदियां महानदी में गिरती हैं और उसकी जलधारण क्षमता में वृद्धि करती हैं।खनन के लिए सर्वे और सरकारी तैयारी

1940 के दशक में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गंधमार्दन पहाड़ों का अध्ययन करके बताया था कि यहां बड़ी मात्रा में खनिज संसाधन, बॉक्साइट हैं। 1948 में ओडिशा सरकार के इस्पात एवं खान विभाग भारत सरकार के खनिज संसाधन विकास निगम और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने संयुक्त रूप से गंधमर्दन में खनिज संसाधनों की उपस्थिति, मात्रा और गुणवत्ता निर्धारित करने का प्रयास किया। 1959 तक, उनका मानना था कि गंधमर्दन पर्वत में उच्च गुणवत्ता वाला बॉक्साइट प्रचुर मात्रा में है जिसकी मात्रा 200 मिलियन टन से भी अधिक हो सकती है। इस संबंध में वैज्ञानिक रिपोर्टें प्रकाशित की गई, जो गंधमर्दन पहाड़ों से बॉक्साइट और अन्य खनिज संसाधनों के उत्खनन के लिए उपयोगी थीं। इसके बाद गंधमर्दन से एल्यूमीनियम संयंत्र के लिए आवश्यक कच्चा माल बॉक्साइट निकालने का प्रयास किया गया।बाल्को का आगमन एवं व्यापक विरोध प्रदर्शन

र्ष 1975 तक सार्वजनिक क्षेत्र की बाल्को (भारत एल्यूमीनियम कंपनी लिमिटेड) ने मध्यप्रदेश के कोरबा में अपने एल्यूमीनियम संयंत्र के लिए बॉक्साइट निकालने के प्रयास शुरू कर दिए। भारत सरकार और तत्कालीन ओडिशा सरकार के साथ बातचीत के बाद बाल्को को गंधमर्दन से खनन की अनुमति मिल गई, लेकिन गंधमर्दन इलाके के स्थानीय लोगों के विरोध के कारण यह काम नहीं हो सका। गंधमर्दन सुरक्षा युवा परिषद ने बाल्को विरोधी आंदोलन जारी रखा। धीरे-धीरे इस आंदोलन को आम लोगों का समर्थन मिलने लगा। इसमें कुछ राजनेता भी शामिल हुए। आंदोलन को सर्वोदय समाज का समर्थन मिलने के बाद राज्य और देश के कई पर्यावरणविद् और कार्यकर्ता इस क्षेत्र में आये और आंदोलन का समर्थन किया।सर्व सेवा संघद्वारा आयोजित ्राम स्वराज और नगर स्वराज यात्रागंधमर्दन सुरक्षा आंदोलन के समर्थन में बलांगीर और बरगढ़ जिलों से होकर गुजरी और यह मुद्दा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया।

कई युवा स्वयंसेवी बाल्को का विरोध करने के लिए आंदोलन में शामिल हुए और जन जागृति के साथ-साथ जनशक्ति निर्माण की दिशा में काम किया। धीरे-धीरे पूरे राज्य में गंधमर्दन के लिए जनमत व्यक्त किया गया और यह एक शक्तिशाली जनआंदोलन में बदल गया।नागरिक समाज, पर्यावरणविद्, कॉर्पोरेट विरोधी समूह, समाजवादी आदि स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ एकजुट हो गए और उनकी संयुक्त शक्ति सरकार और कंपनी की लूट की योजनाओं को विफल करने में सफल रही। दस वर्षों तक विरोध के कारण बाल्को को अपनी योजना से पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। 1987 में ओडिशा सरकार ने जन आंदोलन का मुकाबला करने के लिए एक समिति का गठन किया और बाल्को को खनन में मदद करने की कोशिश की, लेकिन मजबूत जन आंदोलन के कारण उनकी यह योजना विफल हो गई।फिर गंधमर्दन लूट अभियान-इन दिनों एक बार फिर गंधमर्दन का मुद्दा चर्चा का विषय बन गया है। ओडिशा में पहली बार भाजपा सरकार आने के बाद देश की सार्वजनिक संपत्ति लूटने वाली अडाणी कंपनी की नजर गंधमर्दन पर है। यहां से बॉक्साइट को लूटकर विदेशी बाजार में बेचकर करोड़ों रुपए कमाए जाने वाले हैं और इस योजना को भारत सरकार और ओडिशा सरकार का समर्थन प्राप्त है, जिसे डबल इंजन सरकार के रूप में प्रचारित किया जाता है। लोगों को अडाणी की इस योजना के बारे में पता न चले और उन्हें बाल्को की तरह जनता के विरोध का सामना न करना पड़े, इसके लिए नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।मीडिया के मुताबिक, अडाणी कंपनी ने गंधमर्दन पर्वत के आसपास की जमीन खरीदी है। पता चला है कि बलांगीर जिले के खपराखोल क्षेत्र में हाल ही में अदाणी कंपनी द्वारा 18 एकड़ जमीन खरीदी है। इसी तरह, बरगड़ जिले के गई सिल्ट ब्लॉक के तहत कटाबहाल के युवाखोल गांव में 23 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। अडाणी कंपनी ने बलांगीर जिले के पाटनागढ़ तहसील के तहत बेलपाड़ा ब्लॉक डुडुकमल में 33 एकड़ जमीन, वालुपुरी गांव में 61 एकड़ जमीन खरीदी है। ऐसा प्रतीत होता है कि अडाणी कंपनी ने भैंसा सर्कल के तहत 43 एकड़ जमीन खरीदी है। इस तरह गंधमर्दन के आसपास के 27 प्लॉट अडाणी के नाम पर खरीदे गए हैं।स्थानीय लोगों से पता चला है कि गंधमर्दन में कई महीनों से सरकारी सर्वे का काम चल रहा है। प्रशासन किसी को यह नहीं बता रहा कि यह सर्वे क्यों कराया जा रहा है। सरकार द्वारा कराए गए सर्वे और गंधमर्दन पहाड़ के आसपास अडाणी कंपनी द्वारा जमीन की खरीद से यह स्पष्ट है कि केंद्र, राज्य की सरकारें और अडाणी कंपनी मिलकर एक व्यापक योजना पर काम कर रहे हैं। यह योजना डकैती नहीं तो और क्या हो सकती है? आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार तेलनापाली, बुरोमाल, ढांडामुंडा, सापमुंडा, टिकपाली, लालखानपुर, चौलधारा जैसे कई गांवों में प्रचुर मात्रा में ग्रेफाइट और मैंगनीज हैं। जाहिर है, इन इलाकों में अडाणी कंपनी द्वारा जमीन खरीदने का उद्देश्य खनिज लूटना ही है।नन का परिणाम-अगर गंधमर्दन पहाड़ से सारी खनिज संपदा निकाली जाएगी तो न तो भारत सरकार और न ही ओडिशा सरकार को कोई रॉयल्टी मिलेगी, लेकिन यदि खनन होगा तो सभी खनिज संसाधन समाप्त होने के बाद परिणाम गंभीर होंगे। सबसे पहले, गंधमर्दन गायब होने से प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन गड़बड़ा जाएगा। गंधमर्दन में औषधीय पौधों से स्थानीय लोगों को लाभ मिलता है और आयुर्वेदिक उपचार की सुविधा मिलती है।

जब वहां के औषधीय पौधे नष्ट हो जाएंगे तो इसका सीधा असर वहां की आबादी के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। जैव-विविधता की हानि, जलधाराओं के सूखने, नदी के प्रवाह में कमी के कारण व्यापक पर्यावरणीय क्षति होगी। इसी तरह, कई लोगों का जीवन और आजीविका नष्ट हो जाएगी।लोग क्या करें? ऐसे में लोगों को क्या करना चाहिए? कुछ लोग कह सकते हैं कि अडाणी कंपनी का मुनाफा ही जरूरी है। गंधमर्दन पर्वत को विशेष आर्थिक क्षेत्र घोषित हो जाने के बाद लोगों के हाथ में कुछ नहीं बचेगा। ऐसे क्षेत्र में ग्रामसभा, न्यायालय प्रभावी नहीं होंगे और हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट भी अपनी असमर्थता दर्शायेंगे।

संपादकीय

ज़हरीला भूजल

हरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है।

पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है।

निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है।

जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें। सरकारों की ओर से मुफ्त सिंचाई की सुविधा के सवाल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, हमें जो चीज मुफ्त उपलब्ध हो जाती है, हम उसके उपयोग में किफायत नहीं बरतते। हमें हर मुफ्त चीज की बड़ी कीमत कालांतर चुकानी पड़ती है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट राजस्थान व गुजरात के भूजल में निर्धारित मानक से अधिक फ्लोराइड होना बताती है। यहां एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि कई स्थानों पर मानसून के बाद पानी गुणवत्ता में सुधार देखा गया।

ऐसे में हमें वर्षा जल को धरती में रिचार्ज करने की दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। दरअसल, रिपोर्ट बताती है कि बारिश के पानी के रिचार्ज होने से घातक पदार्थ का असर कम हो जाता है। गंभीर बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 440 जिलों के भूजल में नाइट्रेट खतरनाक स्तर तक पाया गया है। जो कि अनेक गंभीर बीमारियों का कारक बन सकता है। इस गंभीर संकट पर समाज, सरकार व स्वयंसेवी संगठनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

वामपंथी और धर्मनिरपेक्ष ताकतों का 2025 में होगा अति-दक्षिणपंथियों से मुकाबला

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों (सीटीयू) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा संयुक्त रूप से बड़े आंदोलन आयोजित किये गये। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और हिंसा के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रतियोगी परीक्षाओं की दोषपूर्ण प्रणाली और प्रश्नपत्रों के लीक होने के खिलाफ कुछ राज्यों में युवा बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं।

वर्ष 2024,राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उथल-पुथल भरा रहा। भारत में, वर्ष की शुरुआत अयोध्या में नवनिर्मित लेकिन अधूरे राम मंदिर में राज्य प्रायोजित मूर्ति स्थापना के साथ हुई, जो भाजपा शासकों का संकेत था कि हिंदुत्व राज का युग शुरू हो गया है। इसके बाद केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को लक्ष्य बनाया गया, जिसमें दो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भी शामिल है।18वीं लोकसभा के लिए निर्णायक मंच तैयार हो गया था, जहां एक ओर भाजपा-आरएसएस और उनके समर्थक, और दूसरी तरफ विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के इंडिया ब्लॉक के बीच चुनावी दंगल की रेखाएं खींची गयीं। परन्तु भाजपा के लिए नतीजे एक झटका थे क्योंकि 400 से ज़्यादा सीटें जीतने का दावा करने के बाद पार्टी 240 सीटों के साथ बहुमत से नीचे रह गयी।

नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के आगमन के साथ राजनीतिक स्थिति को इस प्रकार संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है = मोदी सरकार हिंदुत्व-कॉर्पोरेट एजंडे के साथ आगे बढ़ने के लिए दृढ़ है; नवउदारवादी नीतियों का निरंतर अनुसरण लोगों पर अधिक बोझ डाल रहा है - चाहे वह मूल्य वृद्धि हो, बेरोजगारी हो या ग्रामीण और शहरी गरीबों के लिए निरंतर संकट हो; मजबूत विपक्ष के साथ, हिंदुत्व-सत्तावादी ताकतों के लिए मजबूत और व्यापक प्रतिरोध के लिए जगह खुल गयी है।संसद में कमजोर भाजपा का मतलब सरकार द्वारा सत्ता का कम खतरनाक इस्तेमाल नहीं है। सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग करने, संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने और सभी क्षेत्रों - शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक - में हिंदुत्व की विचारधारा को अंकित करने का अभियान जारी है। लोगों और समाज के बीच, स्थायी सांप्रदायिक विभाजन पैदा करने के लिए कपटपूर्ण ढंग से मुस्लिम-भेदभाव लगातार जारी है। संभल और अजमेर शरीफ में मस्जिदों के नीचे मंदिरों का सर्वेक्षण और पहचान करने की मांग इस खेल-योजना का हिस्सा है। यह एक ऐसा खतरा है, जिसका सामना वाम-लोकतांत्रिक ताकतों को और अधिक दृढ़ संकल्प और वैचारिक संघर्ष के साथ करना चाहिए।

2024 वह वर्ष था, जिसमें सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट गठजोड़ को और आगे बढ़ाया गया। मोदी शासन के पसंदीदा बड़े पूंजीपतियों ने बहुत अधिक संपत्ति अर्जित की और अधिक लाभ कमाया। इनमें से पांच बड़े कॉरपोरेट - अंबानी, अडानी, टाटा, बिड़ला और भारती मित्तल - गैर-वित्तीय कॉर्पोरेट क्षेत्र की कुल संपत्ति का 20 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में निजीकरण के लिए नये सिरे से जोर दिया गया है। बिजली वितरण क्षेत्र में डिस्कॉम का निजीकरण किया जा रहा है। इससे चंडीगढ़ जैसे बड़े संघर्षों को बढ़ावा मिल रहा है, जहां केंद्र शासित प्रदेश की एक लाभदायक डिस्कॉम को बेचने की कोशिश की जा रही है। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड जैसे अन्य लाभदायक सार्वजनिक उपक्रम निशाने पर हैं।

इन नीतियों और लोगों के जीवन पर उनके प्रभाव को चुनौती दी गयी है। गत वर्ष मेहनतकश लोगों के विभिन्न वर्गों के कई संघर्ष देखने को मिले। सबसे व्यापक रूप से योजना कर्मियों - आंगनवाड़ी, आशा और मध्याह्न भोजन कर्मियों की हड़तालें और संघर्ष हुए हैं। विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के निजीकरण के खिलाफ लंबा संघर्ष जारी है। बिजली कर्मियों, कोयला कर्मियों, डाक, बैंक और बीमा कर्मियों की क्षेत्रीय हड़तालें हुई हैं। सबसे महत्वपूर्ण हड़ताल तमिलनाडु के कांचीपुरम में सैमसंग इंडिया के प्लांट में 37 दिनों की हड़ताल थी। कर्मचारियों ने यूनियन बनाने और इस बहुराष्ट्रीय दिग्गज से मान्यता प्राप्त करने के अपने अधिकार के लिए सफल संघर्ष किया।केंद्रीय ट्रेड यूनियनों (सीटीयू) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा संयुक्त रूप से बड़े आंदोलन आयोजित किये गये। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और हिंसा के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रतियोगी परीक्षाओं की दोषपूर्ण प्रणाली और प्रश्नपत्रों के लीक होने के खिलाफ कुछ राज्यों में युवा बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। छात्र फीस वृद्धि और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। नया साल कई और संघर्षों और प्रतिरोध स्थलों की शुरुआत करेगा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, वर्ष 2024 को सबसे पहले 21वीं सदी के सबसे भयानक नरसंहार युद्ध के लिए याद किया जायेगा- वह है गाजा में फिलिस्तीनियों का इजरायली नरसंहार। अक्टूबर 2023 में शुरू हुआ यह क्रूर हमला पूरे 2024 में जारी रहा। नये साल में भी कोई राहत नहीं मिलती नज़र आ रही। गाजा के लोगों का सफाया हवाई हमलों, ड्रोन हमलों और नागरिकों को निशाना बनाकर तोपखाने की गोलाबारी के ज़रिए किया जा रहा है। अस्पतालों और स्कूलों को जानबूझ कर निशाना बनाया जा रहा है। भुखमरी नरसंहार का हथियार बन गयी है। गाजा में खाद्य आपूर्ति रोक दी गयी है। अमेरिका समर्थित इजरायली आक्रमण को रोकने और हस्तक्षेप करने में विफलता पर दुनिया भर में निराशा है, लेकिन इसके साथ ही फिलिस्तीनी लोगों के लिए प्रशंसा और एकजुटता भी है, जिन्होंने इस भयानक नरसंहार का सामना करने में अविश्वसनीय साहस और लचीलापन दिखाया है।

2024 में यूरोप में दूर-दराज़ के लोगों की बढ़त ने नवउदारवादी नीतियों को अपनाने के बाद सामाजिक-लोकतांत्रिक केंद्र के दाईं ओर जाने की परिणति को चिह्नित किया। इस क्षेत्र में एक व्यवहार्य वामपंथी ताकत की अनुपस्थिति में दुनिया के कई देशों में विपक्ष की जगह पर दक्षिणपंथी ताकतों का कब्जा है। लेकिन जहां वामपंथी ताकतें प्रभावी विकल्प पेश करने में सक्षम हैं, वहां वे दक्षिणपंथियों के खिलाफ संघर्ष में उतर आये हैं।फ्रांस में वामपंथी गठबंधन - न्यू पॉपुलर फ्रंट- संसदीय चुनाव में सबसे बड़े गुट के रूप में उभरने में सफल रहा, जिसने दक्षिणपंथियों की बढ़त को रोक दिया। बेल्जियम में वर्कर्स पार्टी ने पिछले साल यूरोपीय, राष्ट्रीय और स्थानीय चुनावों में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। भारत में भी आने वाले दिनों में वामपंथ की क्षमता सामने आनी है। नये साल में एक एकजुट और प्रभावी वामपंथी ताकत का उदयसंभव है, जो सभी लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट कर सके। इससे हिंदुत्व-कॉर्पोरेट शासन को हराने के लिए धर्मनिरपेक्ष-लोकतांत्रिक ताकतों द्वारा की जा रही लड़ाई को मजबूती मिलेगी।

'आप-दा' से कम नहीं दिल्ली सरकार, भाजपी ही करेगी सपने साकार : पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क में परिवर्तन रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि दिल्ली में इस बार कमल खिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, मैं दिल्लीवासियों से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं। दिल्ली और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। ये भाजपा ही है जो दिल्ली का

विकास कर सकती है।

उन्होंने आगे कहा, बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है, इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है, 'आप-दा' नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे। अब दिल्ली विकास की धारा चाहती है और मुझे खुशी है कि दिल्ली का विश्वास भाजपा पर है। भाजपा पर ये विश्वास इसलिए है, क्योंकि भाजपा सुशासन लाने वाली पार्टी है। भाजपा सेवाभाव से काम करने वाली पार्टी है, भाजपा सपनों को पूरा करने वाली पार्टी है। पीएम मोदी ने परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम 2025 में हैं। 21वीं सदी को 25 साल बीत चुके हैं यानी एक चौथाई सदी गुजर गई है। इस दौरान दिल्ली में नौजवानों की दो या तीन पीढ़ी जवान हो चुकी है। अब आने वाले 25 साल भारत के भविष्य के लिए, दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।उन्होंने आगे कहा, ये 25 साल, भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देखेंगे। हम उसके भागीदार होंगे। ये भारत को आधुनिकता के एक नए दौर से गुजरते हुए देखेंगे। विकसित भारत के इस सफर का एक बहुत बड़ा पड़ाव जल्द ही आने वाला है। जब भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। पीएम मोदी जीत को लेकर आश्वस्त दिखे। कहा , मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने वाला है। मैं दिल्ली भाजपा के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं से कहूंगा कि पूरी निष्ठा के साथ दिल्ली के हर कार्यकर्ता से मिलिए, उन्हें आने वर्षों के लिए भाजपा के संकल्प से परिचित कराइए। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है।उन्होंने कहा, पिछले साल केंद्र की भाजपा सरकार ने दिल्ली में सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा और विकास संबंधी पहलों के लिए 75,000 करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए थे

तेलंगाना मंत्रिमंडल ने रायथु भरोसा, नए राशन कार्ड लागू करने का निर्णय लिया

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी से शुरू होने वाली कई कल्याणकारी पहलों को लागू करने का निर्णय लिया है जिसमें उन्नत रायथु भरोसा, नए राशन कार्ड जारी और इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा योजना शामिल है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में यहां सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिए गए।श्री रेड्डी ने बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए घोषणा की कि संशोधित रायथु भरोसा योजना के तहत सभी खेती योग्य भूमि के लिए वित्तीय सहायता को पिछले 10,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष कर दिया जाएगा। हालाँकि यह सहायता गैर-कृषि योग्य भूमि जैसे पहाड़ियों, सड़कों, रियल एस्टेट उद्यमों या औद्योगिक क्षेत्रों

तक नहीं बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने किसानों से सटीक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए ऐसी भूमि की घोषणा सरकार को करने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि इसके अलावा मंत्रिमंडल ने इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा योजना के तहत भूमिहीन किसानों के लिए 12,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है जिसका उद्देश्य कृषक समुदाय के सबसे कमजोर वर्गों को राहत और सहायता प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने राज्य भर में अधिक परिवारों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को नए राशन कार्ड जारी करने की भी घोषणा की।

लालू यादव अपने बेटे को बिहार में 'स्थापित' करने में लगे हैं : सम्राट चौधरी

एजेंसी

पटना। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू यादव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से साथ आने का न्योता दिए जाने के बाद बयानबाजियों का दौर थमता नहीं दिख रहा है। इस बीच, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री मंगल पांडेय ने राजद अध्यक्ष लालू यादव पर जोरदार सियासी हमला बोला है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि लालू यादव अपने बेटे को बिहार की राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन, हकीकत है कि ये बिहार की जनता है जो किसी को भी बिहार में स्थापित करती है। दरअसल, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की रविवार को जयंती है। इस मौके पर उप

मुख्यमंत्री चौधरी और मंत्री मंगल पांडेय ने उनको याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने पहुंचे चौधरी ने कहा कि लालू यादव डर गए हैं। बिहार की जनता तय करेगी कि बिहार की सत्ता पर कौन बैठेगा। बिहार में नीतीश कुमार बैठे हुए हैं और उनके नेतृत्व में एनडीए आगे भी चलता रहेगा। इधर, मंत्री मंगल पांडेय ने लालू यादव के बयान पर कहा कि उनलोगों को कुछ याद रहता है क्या? सुबह में पिताजी कुछ कहते हैं, शाम में बेटा कुछ कहता है। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी कर लें, वे लोग अब बिहार की सत्ता में नहीं आ सकते हैं। उनलोगों को बिहार के लोगों ने रिजेक्ट कर दिया है। उपचुनाव में भी रिजेक्ट कर दिया है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भी वही करेगी।

जम्मू-कश्मीर में वाहन के खाई में गिरने से चार लोगों की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और दो लापता हो गए।पुलिस ने यहां बताया कि पद्दार से मासु गांव की ओर जा रहा एक वाहन खाई में गिर गया। उन्होंने कहा दुर्घटना में चार यात्रियों की मौत हो गई है और दो लापता हैं। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की तलाश शुरू कर दी गई है। मृतकों की पहचान गढ़, पद्दार, किश्तवाड़ के रहने वाले राज कुमार, मुकेश कुमार, हकीकत सिंह और सतीश कुमार के रूप में हुई है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, अभी यह जानकर दुख हुआ कि वाहन में यात्रा कर रहे चार यात्रियों को मौके पर ही मृत पाया गया है।

बिरला जनजातीय महिलाओं को सिखायेंगे संसदीय शासन प्रणाली

एजेंसी

नई दिल्ली। संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में सोमवार को 'पंचायत से पार्लियामेंट 2.0' कार्यक्रम में 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की पंचायती राज संस्थाओं से अनुसूचित जनजाति की 502 महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित किए जा रहे इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था की गहन जानकारी प्रदान करना है। श्री बिरला के नेतृत्व में सभी प्रतिनिधि भारत के संविधान की प्रस्तावना का पाठ करेंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी,

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह स्वागत भाषण देंगे। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम दूसरे सत्र को संबोधित करेंगे।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यशाला और सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा प्रतिभागियों को नए संसद भवन, संविधान सदन, प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रपति भवन ले जाया जाएगा ताकि उन्हें भारत की विधायी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कामकाज की गहन जानकारी प्राप्त हो। इस कार्यक्रम में 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की अनुसूचित जनजातियों की 502 निर्वाचित महिला प्रतिनिधि शामिल होंगी जिससे एक विविध और समावेशी समूह के बीच जानकारी का आदान-प्रदान होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित अनुसूचित जनजातियों की महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना तथा प्रभावी नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए उन्हें संवैधानिक प्रावधानों, संसदीय प्रक्रियाओं और शासन व्यवस्था के बारे में गहन जानकारी प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के आयोजन के पीछे एक अन्य उद्देश्य शिक्षा, ग्रामीण विकास आदि जैसे विविध क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति की महिला प्रतिनिधियों द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को मान्यता देना भी है ।

प्रतिभागियों के लिए परस्पर संवादपरक कार्यशालाएँ और सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिनका संचालन सुविख्यात विशेषज्ञों और संसद सदस्यों द्वारा किया जाएगा।

पीएम मोदी ने 'नमो भारत' कॉरिडोर के दिल्ली रूट का किया उद्घाटन, बच्चों से की मुलाकात

एजेंसी

गाजियाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन कर दिया है। इसके बाद पीएम ने क्यूआर कोड स्कैन कर ट्रेन का टिकट ले सफर भी किया। इस यात्रा में उनके साथ स्कूली बच्चे भी साथ दिखे। इस दौरान कुछ स्कूली बच्चों से बातचीत भी की। साथ ही बच्चों ने प्रधानमंत्री को तोहफे भी दिए। बच्चों ने अपने हाथ से बने पोस्टर और पेंटिंग पीएम मोदी को बड़े प्यार से भेंट किए।

साहिबाबाद और मेरठ साउथ के बीच 9 स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 42 किलोमीटर लंबा हिस्सा यात्रियों के लिए ऑपरेशनल है। इस उद्घाटन के

साथ ही नमो भारत कॉरिडोर का परिचालित खंड 55 किलोमीटर तक विस्तारित हो जाएगा, इसमें कुल 11 स्टेशन होंगे।

बता दें कि रविवार शाम 5 बजे से ही नमो भारत ट्रेन हर 15 मिनट के अंतराल पर यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी। दिल्ली से मेरठ की दिशा में पहले परिचालित स्टेशन, न्यू अशोक नगर स्टेशन, से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपये और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपये है। इस सेक्शन पर परिचालन शुरू होने से मेरठ शहर अब नमो भारत ट्रेन के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सीधे जुड़ गया है।

यात्री न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक सिर्फ 40 मिनट में यात्रा कर सकेंगे। अब तक 50 लाख से अधिक यात्री नमो भारत ट्रेनों द्वारा यात्रा का लाभ उठा चुके हैं। कॉरिडोर के बाकी बचे हुए सेक्शन, यानी न्यू अशोक नगर-सराय काले खां और मेरठ साउथ-मोदीपुरम में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस नए रूट में 13 किलोमीटर के सेक्शन में से 6 किलोमीटर हिस्सा भूमिगत है। जिसमें कॉरिडोर का एक प्रमुख स्टेशन, आनंद विहार शामिल है। यह पहली बार है जब नमो भारत ट्रेन भूमिगत सेक्शन में चलेगी।

नीतीश कुमार होश में नहीं वो निर्णय लेने लायक भी नहीं : तेजस्वी यादव

एजेंसी

मोतिहारी। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निजी हमला किया है। उन्होंने एक बार फिर उनकी खराब सेहत का हवाला देते हुए सीएम पद छोड़ने की सलाह दी।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मोतिहारी पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा झूठ की यात्रा है। सीएम नीतीश कुमार हाईजैक हो चुके हैं। कुछ लोग दिल्ली में हैं और कुछ यहां पर हैं। अपने फायदे के लिए यहां पर सरकार चला रहे हैं। मुख्यमंत्री होश में नहीं है और वह निर्णय लेने लायक भी नहीं है। वह थक चुके हैं और रिटायर अधिकारियों के साथ मिलकर बिहार सरकार चला रहे हैं। आरजेडी में नीतीश कुमार की वापसी पर तेजस्वी

यादव ने कहा कि कोई सवाल ही पैदा नहीं होता भाईसाहब. मीडिया वाले लगातार कहते रहते हैं कि नीतीश कुमार आएंगे। उन्हें एक जगह स्थित रहने दीजिए। लालू जी का अंदाज है, जब पत्रकार ने उनसे पूछा तो वह कह दिए। आप सभी जानते ही हैं। प्रशांत किशोर के आमरण अनशन पर तेजस्वी यादव ने कहा कि छात्रों की इच्छा थी कि इस आंदोलन का किसी भी तरह से राजनीतिकरण न हो। जब लाठीचार्ज हो गया तब यह कहां थे। अब आ रहे हैं। हम लोगों ने विधानसभा में इस मुद्दों को उठाया। छात्रों का सम्मान करते हुए हमने नैतिक समर्थन दिया। छात्रों के कहने पर हमने एक बार नहीं, दो बार मुख्यमंत्री को इस मामले को लेकर पत्र लिखा। विधानसभा में 28 नवंबर को महागठबंधन के लोगों ने इस मुद्दे को उठाया। लेकिन, इसे कुचलने की कोशिश हुई। यह बीपीएससी अभ्यर्थियों का आंदोलन है और उनकी लड़ाई है। हमलोग उनके साथ हैं।

पोरबंदर हवाईअड्डे पर हेलीकॉप्टर क्रैश

एजेंसी

पोरबंदर। पोरबंदर हवाईअड्डे पर रविवार को बड़े हादसे में कोस्ट गार्ड का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। हादसे के बाद पुलिस और राहत कार्यों में जुटी टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कुछ लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। बता दें कि गत वर्ष 4 नवंबर 2024 को भी भारतीय वायुसेना का एक मिग विमान क्रैश हो गया था। यह विमान दुर्घटना उत्तर प्रदेश के आगरा में हुई थी।

कश्मीर घाटी में रात का तापमान गिरा, कोकरनाग में माइनस 8.1 डिग्री सेल्सियस

एजेंसी

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में रात के तापमान में भारी गिरावट आई है। दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग शहर में तापमान माइनस 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में पारा माइनस 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।अधिकारियों ने रविवार को बताया कि उत्तर कश्मीर में स्कीइंग गतिविधियों के लिए मशहूर पर्यटक रिसॉर्ट शहर गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविरों में से एक पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर के प्रवेशद्वार शहर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पंपोर शहर के कोनीबल में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में रात का तापमान शून्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 8.1 डिग्री नीचे दर्ज किया गया और यह घाटी में अब तक का सबसे ठंडा स्थान रहा। कश्मीर वर्तमान में चिल्लई-कलां की चपेट में है।चिल्लई-कलां के 40 दिनों के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और तापमान काफी गिर जाता है।

नीतीश ने पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी को आज उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री कुमार रविवार को यहां श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान की ओर से आयोजित पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व. सुशील कुमार मोदी के जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्व. मोदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान सुशील कुमार मोदी स्मृति शोध संस्थान के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नारायणपुर मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर; सीएम विष्णु देव साय बोले- हमारे जवान मजबूती से लड़ रहे, पत्रकार की हत्या निंदनीय

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। जबकि इस इस मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक हेड कांस्टेबल सन्नू कारम भी शहीद हो गए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नारायणपुर में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ को लेकर बयान दिया। उन्होंने पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की भी निंदा की। सीएम ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हमारे जवान बड़ी

मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। इस मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर हुए हैं। हम अपने जवानों को सैल्यूट करते हैं। हालांकि, इस मुठभेड़ में हमारा एक जवान भी शहीद हुआ है। उनके प्रति संवेदना है। भगवान से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या पर सीएम ने कहा कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या बहुत ही निंदनीय है। उनका शव मिला है। सरकार कार्रवाई कर रही है। इस मामले में एसआईटी का गठन किया गया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कोई भी आरोपी बख्शा नहीं जाएगा। ठेकेदार के बैंक अकाउंट को सील किया गया है। ठेकेदार के अवैध कब्जे को भी हटाया गया है।

इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि लगातार प्रदेश में कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बेचा जा रहा है। पिछले दिनों में जितनी भी वारदातें हुई हैं, चाहें वो बलौदाबाजार या सूरजपुर में हों, हर जगह कांग्रेस का कोई ना कोई व्यक्ति शामिल है। पत्रकार की हत्या में जो ठेकेदार है, वो कांग्रेस का कार्यकर्ता है।

एलजी ने वक्फ बोर्ड के सीईओ की नियुक्ति को मंजूरी दी

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने अतिरिक्त शुल्क के अधीन दिल्ली वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में अजीमुल हक की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह कदम 28 नवंबर, 2024 के बाद से महत्वपूर्ण रिक्तियों को भरने में आप सरकार की कथित लापरवाही पर एलजी की तीखी आलोचना के मद्देनजर उठाया गया है। सीईओ की नियुक्ति में देरी के कारण वक्फ बोर्ड के महत्वपूर्ण कार्यों को निलंबित कर दिया गया, जिसमें इमामों और मुतवल्लियों को वेतन का वितरण भी शामिल था। एलजी सक्सेना ने आप सरकार पर इस मुद्दे को संवेदनहीन और लापरवाहीपूर्ण तरीके से व्यवहार करने और दिल्ली वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत कानूनी प्रावधानों का पालन करने में विफल रहने का आरोप लगाया। एक बयान में, एलजी ने इमामों और मुतवल्लियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जिनमें से कई विलंबित वेतन के कारण आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे हैं। सक्सेना ने कहा, इन व्यक्तियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, मैं प्रस्ताव को मंजूरी दे रहा हूं। हालांकि, नियुक्ति प्रभावी होने से पहले बोर्ड द्वारा इसकी पुष्टि की जानी चाहिए। उपराज्यपाल ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसी नियुक्तियों के लिए भविष्य के प्रस्ताव वैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रस्तुत किए जाने चाहिए। उन्होंने दिल्ली वक्फ अधिनियम की धारा 23 के अनुसार नियुक्ति के लिए दो सदस्यीय पैनल पेश नहीं करने के लिए सरकार की आलोचना की।

रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी को लेकर दिया विवादित बयान, भड़की कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी को लेकर विवादित बयान दिया है। बिधूड़ी के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है।कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रमेश बिधूड़ी के बयान को महिला विरोधी बताया। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा, भाजपा घोर महिला विरोधी है। भाजपा के पूर्व सांसद और कालकाजी सीट से उनके प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी का प्रियंका गांधी के संदर्भ में दिया बयान शर्मनाक ही नहीं बल्कि उनकी औरतों के बारे में कुत्सित

मानसिकता को दिखाता है। जिस आदमी ने सदन में अपने साथी सांसद को गंदी गालियां दी हों और इसकी कोई सजा ना मिली हो, उससे और क्या उम्मीद की जा सकती है? यही बीजेपी का असली चेहरा है।

सुप्रिया श्रीनेत ने आगे कहा, क्या इस घटिया भाषा और सोच पर बीजेपी की महिला नेत्रियां, महिला विकास मंत्री, नड्डा जी या खुद प्रधानमंत्री मोदी कुछ बोलेंगे? असल में यह महिला विरोधी घटिया भाषा और सोच के जनक तो खुद मोदी जी ही हैं। जब वो चुनावी सभाओं में मंगलसूत्र और मुजरा जैसे शब्द बोलते हैं तो उनके लोग और क्या ही बोलेंगे? इस घटिया सोच के लिए न केवल रमेश बिधूड़ी बल्कि उनके शीर्ष नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए। प्रियंका गांधी वाड्रा को लेकर दिए विवादित बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि लालू ने वादा किया था बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं। वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा।

विदेशी मुद्रा भंडार 4.1 अरब डॉलर लुढ़ककर 640.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में गिरावट होने से 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.1 अरब डॉलर लुढ़ककर 640.3 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.5 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट लेकर 644.4 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.6 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 551.9 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 54.1 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 66.3 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 1.2 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में 4.3 अरब डॉलर पर स्थिर रहा।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे।तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.29 प्रतिशत उबलकर 74.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 76.69 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से मिले, राज्य के विकास पर हुई चर्चा

मुंबई। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। दोनों लोगों ने राज्य के आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए टाटा ट्रस्ट और सरकार के बीच सहयोग पर चर्चा की।सीएम फडणवीस ने दक्षिण मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई बैठक के बारे में ट्वीट कर जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमने विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की, ये वो क्षेत्र हैं जहां टाटा ट्रस्ट और महाराष्ट्र सरकार, राज्य के विकास को गति देने के लिए सहयोग कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने टाटा ट्रस्ट और राज्य सरकार के बीच मजबूत और स्थायी साझेदारी को बढ़ावा देने पर विश्वास व्यक्त करने के लिए टाटा को धन्यवाद दिया। नोएल टाटा ने पिछले वर्ष टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्होंने 9 अक्टूबर, 2024 को रतन टाटा के निधन के बाद उनका स्थान लिया था। टाटा ट्रस्ट के पास नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

एयर होस्टेस से 10 लाख रुपये की ठगी, 'मनी लॉन्ड्रिंग' के आरोप में गिरफ्तारी की धमकी देकर लगाया गया चूना

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की 24 वर्षीय एक एयर होस्टेस साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो गई। जालसाजों ने धन शोधन के आरोप में गिरफ्तारी का भय दिखाकर उससे करीब 10 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। कल्याण में रहने वाली एयर होस्टेस को 23 नवंबर, 2024 को अज्ञात फोन नंबरों से कॉल आया, जिसमें उसे बताया गया कि उसकी ओर से भेजा गया पार्सल ईरान में अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब पीड़िता ने फोन करने वाले को बताया कि उसने कोई पार्सल नहीं भेजा है, तो फोन करने वाले ने वीडियो कॉल पर उसे बताया कि उसका नाम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आया है और गिरफ्तारी की धमकी दी। इसके बाद फोन करने वाले ने उसके मोबाइल नंबर पर कुछ लिंक भेजे और फोन काटने से पहले उसे 9.93 लाख रुपये ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। महिला को अहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है और उसने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फोन नंबर की लोकेशन ÷विदेश÷ की है। भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्र की विकास दर इस साल 3.5-4 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना: शिवराज सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस साल कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की विकास दर 3.5 से 4 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि सैटेलाइट बेस्ड यानी रिमोट सेंसिंग के माध्यम से अब फसल के नुकसान का सही व सटीक आकलन होगा। शिवराज सिंह नई दिल्ली में राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शिवराज सिंह ने कहा कि नए वर्ष में नए संकल्पों के साथ कृषि विकास एवं किसान कल्याण के

कामों को हम तेज गति से आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि प्रारंभ की है। अब तक 11 करोड़ किसानों को 18 किश्तों में 3.46 लाख करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है। मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में 25 लाख से ज्यादा पात्र किसानों को जोड़ा गया। 18वीं किश्त का लाभ लेने वालों की संख्या बढ़कर 9.58 करोड़ हुई। पीएम फसल बीमा योजना विश्व की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना है। इसमें ऋणी आवेदन 876 लाख हैं और गैर-ऋणी आवेदन 552 लाख हैं। कुल 14.28 करोड़ किसानों ने आवेदन किया है, 602 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीमित है और सकल बीमित राशि 2,73,049 करोड़ रुपये है। चार करोड़ किसानों को योजना से लाभ मिला है। योजना के प्रारंभ से अब तक 17 हज़ार करोड रुपए क्लेम के रूप में किसान भाइयों को दिया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से कहा था कि वे तीसरे कार्यकाल में तीन गुना ताकत से काम करेंगे। हम भी संकल्प लें कि अपनी पूरी क्षमता से काम में जुटेंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र में विकास के लिए 6 सूत्री रणनीति तैयार है। सबसे पहली प्राथमिकता है उत्पादन बढ़ाना। प्रति हेक्टेयर या प्रति एकड़ उत्पादन कैसे बढ़ सकता है यह सरकार की रणनीति है, उसके लिए आईसीएआर लगातार रिसर्च करके उन्नत बीजों की किस्म को जारी करता है। सूक्ष्म सिंचाई योजना, मैकेनाइजेशन, तकनीक का प्रयोग, नई कृषि पद्धतियां आदि अनेक दिशा में हम काम कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ उत्पादन की लागत कैसे घटे समेत कई बिंदुओं पर काम कर रहे हैं।

गन्ना क्रय केंद्र परिवर्तन की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी

एजेंसी

बिजनौर। हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम बाटपुरा में गन्ना क्रय केंद्र परिवर्तन की मांग को लेकर 9 दिसंबर से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना आज 4 जनवरी को भी जारी है। किसानों का कहना है कि ठंड के मौसम में किसान धरने पर बैठे हुए हैं। लेकिन उनकी मांग को अनसुना किया जा रहा है। बाटपुरा के किसान बजाज ग्रुप की बिलाई मिल को गन्ना देने के लिए तैयार नहीं है। किसानों का कहना है कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता है धरना जारी रहेगा। किसानों में जनप्रतिनिधियों के प्रति काफी नाराजगी है जो आज तक किसानों की समस्या को जानने तक की आवश्यकता नही समझ रहे है 7 धरने पर रोहित कुमार, सुधीर कुमार, जगदेव, मनोज कुमार, रघुनाथ सिंह, अंकुल आदि किसान उपस्थित रहे।

एआई के क्षेत्र में आगे रहना चाहता है भारत : मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत एआई (यांत्रिक मेधा) के क्षेत्र में अपनी अग्रणीय भूमिका स्थापित करने को प्रतिबद्ध है और इस क्षेत्र में नवाचार तथा युवाओं के लिए नए-नए अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

श्री मोदी ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के भारत नामी उद्यमी विशाल सिक्का के सोशल मीडिया मंच-एक्स के एक पोस्ट के जवाब में यह बात कही। श्री सिक्का आज प्रधानमंत्री से उनके आवास पर मिले थे। उन्होंने कहा है कि एआई के क्षेत्र में भारत का ध्यान नवाचार करना और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करना है।

प्रधानमंत्री ने श्री सिक्का के पोस्ट पर उनके साथ हुई बातचीत के बारे में लिखा, यह वास्तव में एक जानकारियों से भरी बातचीत थी। भारत एआई में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें नवाचार और युवाओं के लिए अवसर पैदा करने पर विशेष ध्यान होगा। श्री सिक्का ने कहा, ÷माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मिलना सौभाग्य की बात थी। उनसे एआई, भारत पर इसके प्रभाव

तथा आने वाले समय पर इसके प्रभावों पर व्यापक चर्चा हुई। इस बातचीत में मैं प्रौद्योगिकी के प्रभाव और मानवीय मूल्यों के साथ इसके प्रयोग से हर व्यक्ति के उत्थान की इसकी क्षमता के बारे में उनकी (प्रधानमंत्री की) असाधारण समझ से प्रेरित और प्रभावित हो कर निकला। एआई विषय पर स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त श्री सिक्का वियानाई सिस्टम्स के संस्थापक एवं सीईओ हैं। वह इससे इन्फोसिस टेक्नोलॉजीज और कई अन्य प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में काम कर चुके हैं।

दाल-अनाज की खपत पांच फीसदी घटी

एजेंसी

नई दिल्ली। पिछले 12 वर्षों में भारतीय परिवारों की खर्च प्राथमिकता में काफी बदलाव आया है। नतीजतन, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दालों और अनाज की खपत पांच फीसदी से अधिक घटी है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट बताती है कि लोग खाद्य के बजाय गैर-खाद्य पदार्थों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

रिपोर्ट में सामने आए रुझान दर्शाते हैं कि भारतीय परिवारों को पोषक खानपान के बजाय साफ-सफाई और खूबसूरत दिखने के सौंदर्य प्रसाधनों पर खर्च करना ज्यादा पसंद आ रहा है। कपड़ों, जूतों जैसी चीजों पर खर्च करने में भी कमी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह रुझान आर्थिक विकास और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्राथमिकताओं में आए बदलाव को दर्शाता है। शहरों के मुकाबले गांव ज्यादा तेजी से बदले शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य पदार्थों पर व्यय ज्यादा तेजी से घटा है। पिछले 12 वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 5.86 फीसदी अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्र में यह आंकड़ा 2.94 फीसदी रहा। वहीं,

गैर-खाद्य पदार्थों की बात करें तो ग्रामीण क्षेत्र में इस पर खर्च 5.86 फीसदी बढ़ा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह वृद्धि 2.94 फीसदी रही।

खाद्य पदार्थों पर व्यय

ग्रामीण क्षेत्र : 52.9 फीसदी था 2011-12 में, जो 47.04 फीसदी रह गया 2023-24 में।

शहरी क्षेत्र : 42.62 फीसद था 2011-12 में और 2023-24 में 39.68 फीसदी रह गया।

गैर-खाद्य पदार्थों पर व्यय

ग्रामीण क्षेत्र :47.1 फीसदी (2011-12) की तुलना में 2023-24 में 52.96 पर पहुंच गया।

शहरी क्षेत्र : 57.38 फीसदी (2011-12) की तुलना में 2023-24 में 60.32 फीसदी हो गया।

एअर इंडिया को अव्वल दर्जे की एयरलाइन बनाने के लिए प्रतिबद्ध : चंद्रशेखरन

एजेंसी

चेन्नई/नई दिल्ली। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने शनिवार को कहा कि उनकी कंपनी एअर इंडिया

को शीर्ष श्रेणी की एयरलाइन बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जो वैश्विक स्तर पर असाधारण सेवा और प्रदर्शन प्रदान करेगी। टाटा समूह ने 2022 में एअर इंडिया का अधिग्रहण किया था। एन. चंद्रशेखरन ने यहां एनआईटी त्रिची के एक कार्यक्रम में टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवि विश्वनाथन के साथ चर्चा के दौरान कही। चंद्रशेखरन ने पूछे गए एक सवाल के जवाब टाटा समूह के अधिग्रहण के बाद लोग एअर इंडिया से क्या उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मेरी प्रतिबद्धता एअर इंडिया को दुनिया की शीर्ष श्रेणी की एयरलाइन कंपनी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की है। उल्लेखनीय है कि टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया ने कुल 470 विमानों का ऑर्डर दिया है, जिसमें 250 एयरबस को दी है, जबकि 220 बोइंग कंपनी को दिया है।

तीन दिन की तेजी के बाद सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना और चांदी की घटी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। तीन दिन की तेजी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आज 450 रुपये से लेकर 490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये से लेकर 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये से लेकर 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये प्रति 10

ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

एफपीआई ने 2025 के पहले तीन दिन में ही भारतीय बाजार से 4285 करोड़ रुपये निकाले

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों यानी एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार में 2025 की शुरुआत सावधान रवैये के साथ की। नए साल के पहले तीन कारोबारी सत्रों में ही एफपीआई की ओर से 4,285 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली हो चुकी है। नेशनल सेक्यूरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है। आंकड़ों से पता चलता है कि 2025 के पहले ही दिन एफपीआई ने इक्विटी में सबसे बड़ी बिकवाली की। उस दिन एफपीआई ने 5,351 रुपये भारतीय इक्विटी बाजार से निकाले।

बीते साल की तुलना में एफपीआई की खरीदारी में 99 फीसदी की कमी

हालांकि, दिसंबर महीने के आंकड़े बताते हैं कि पिछले महीने एफपीआई का बाजार में निवेश सकारात्मक रहा। दिसंबर में

एफपीआई ने शुद्ध रूप से 15,446 करोड़ रुपये की खरीदारी की थी। ऐसे तो 2024 का समापन हरे निशान पर हुआ, पर भारतीय इक्विटी बाजार में एफपीआई का शुद्ध खरीद मूल्य, इस दौरान 427 करोड़ रुपये कम हो गया। पिछले साल की तुलना में भारतीय बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की खरीदारी में 99 प्रतिशत की भारी गिरावट आई।

अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मजबूती लौटने से भारतीय बाजार में नरमी

अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन, शेयर बाजार में लचीलापन और ब्याज दरों के लंबे समय तक उच्च रहने के कारण अमेरिकी बॉन्ड्स, मुद्रा व इक्विटी बाजार में निवेशकों का पर्याप्त झुकाव बढ़ा। इस बदलाव की कीमत भारत जैसे उभरते बाजारों को चुकानी पड़ी। इसके अलावे, भारतीय शेयरों के उच्च मूल्यांकन, जीडीपी के अनुपात में मार्केट कैप अधिक रहने, वृद्धि दर में सुस्ती, कमजोर आद्यौगिक उत्पादन और कंपनियों की आय में कमी से शेयर बाजार में नरमी आई।

विदेशी निवेशकों का भरोसा लौटे, इसके लिए क्या जरूरी?

साल की शुरुआत में हुई बिकवाली विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के सर्तक रुख का संकेत देते हैं। वे वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और घरेलू कारकों के बीच पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं। इससे साल की शुरुआत में बाजार में संभावित उठापटक दिख सकती है। एफपीआई निवेश में कमी संकेत देते हैं कि देश को बिना समय गंवाए वैश्विक और घरेलू चुनौतियों का समाधान निकालना होगा, जिससे विदेशी निवेश बरकरार रहे और भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी को बढ़ावा मिले।

खाद्य तेल सस्ता; दालों मे मिलाजुला रुख

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों की गिरावट के साथ ही स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल 1099 रुपये प्रति क्विंटल तक सस्ते हो गए जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहनः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जनवरी वायदा सप्ताहांत पर 175 रिंगिट लुढ़ककर 4725 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.43 सेंट की गिरावट के साथ 40.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान खाद्य तेलों में गिरावट रुख रहा। सरसों तेल 402 रुपये, मूंगफली तेल 1099 रुपये, सूरजमुखी तेल 219 रुपये, सोया रिफाइंड 853 रुपये और वनस्पति तेल 294 रुपये

प्रति क्विंटल गिर गया जबकि पाम ऑयल में 146 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16813 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 15897 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14798 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15970 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 9.5फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने एचडीएफसी बैंक को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में अधिकतम 9.50फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने खर्त रखी है कि यदि अनुमोदन पत्र की तारीख से सालभर के भीतर यह सौदा नहीं किया जाता तो, तो मंजूरी रद्द कर दी जाएगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) को 3 जनवरी, 2025 के आरबीआई के की ओर से एक पत्र मिला, जो एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को संबोधित है। पत्र में एचडीएफसी बैंक और उसकी समूह संस्थाओं (एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी पेंशन मैनेजमेंट, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस और एचडीएफसी सिक्योरिटीज सहित) को एक वर्ष के भीतर एयू एसएफबी की चुकता शेयर पूंजी या वोटिंग अधिकारों का 9.50त्न तक अधिग्रहण करने की मंजूरी दी गई है। एचडीएफसी बैंक ने भी एक्सचेंज को बताया है कि उसे कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में 9.5त्न की हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी आरबीआई मिल गई है। यह मंजूरी आरबीआई के अनुमोदन पत्र जारी होने के बाद एक वर्ष तक के लिए वैध है। इसकी वैधता 02 जनवरी 2026 को समाप्त हो जाएगी।

बिहार के लोक शिकायत निवारण तंत्र के कामकाज की सराहना की उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम (बिहार आरपीजीपी अधिनियम) और बिहार लोक सेवा अधिकार अधिनियम (बिहार आरटीएस अधिनियम) के माध्यम से जनता की शिकायतों के निराकरण के काम की सराहना की है।प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में उपरोक्त दोनों अधिनियमों के कार्यान्वयन को समझने के लिए शुक्रवार को बिहार का दौरा किया है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की ओर से शनिवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) और पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में डीएआरपीजी के एक वरिष्ठ स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने इस प्रतिनिधिमंडल में अपर सचिव पुनीत यादव, संयुक्त सचिव सरिता चौहान, निदेशक सुवाशीष दास और उप सचिव शामिल हरि किरण भट्ट शामिल थे। विज्ञप्ति में कहा गया है, डीएआरपीजी प्रतिनिधिमंडल ने लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 के माध्यम से किए गए लोक शिकायतों के निवारण की सराहना की है।÷ बिहार के लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम 2015 में लोक शिकायतों के प्रभावी निवारण के लिए शिकायत निवारण अधिकारियों को अर्ध-न्यायिक शक्तियां मिली हैं। लोक शिकायत अधिकार अधिनियम, सेवा अधिकार अधिनियम, शिकायत अपीलीय

अधिकारी प्रक्रिया और बेहतर अभिलेख प्रबंधन प्रथाओं के कार्यान्वयन पर बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीना, अपर मुख्य सचिव बी. राजेंद्र और बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन की अपर मिशन निदेशक डॉ. प्रतिमा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की आधिकारिक बैठकें हुईं। डीएआरपीजी प्रतिनिधिमंडल ने समाधान और जिज्ञासा कॉल सेंटरों का दौरा किया। टीम के समक्ष बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम और बिहार लोक सेवा अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन एवं प्रभाव पर केंद्रित एक प्रस्तुति दी गई।

इस प्रतिनिधिमंडल ने राज्य लोक शिकायत प्राप्ति केंद्र का दौरा किया और बाद में जिला शिकायत निवारण अधिकारी, पटना के कार्यालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सुनवाई प्रक्रिया और शिकायतों के निवारण का अवलोकन किया।

डीएआरपीजी प्रतिनिधिमंडल ने पटना में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की लोक शिकायतों के प्रभावी निवारण, सीपीजीआरएएमएस पोर्टल, स्वच्छता को संस्थागत बनाने और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान और पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण पर चर्चा की ।

ह्यूबर्ट हर्काज़, स्विएटेक ने पोलैंड को यूनाइटेड कप के फाइनल में पहुंचाया

एजेंसी

सिडनी। इगा स्विएटेक ने सिडनी में सेमीफाइनल मुकाबले में अपने सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों में से एक एलेना रयबाकिना पर कड़ी जीत के साथ पोलैंड को लगातार दूसरे यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचा दिया। शीर्ष 10 खिलाड़ियों और ग्रैंड स्लैम चैंपियन के बीच मुकाबले में, स्विएटेक ने कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना को 7-6(5), 6-4 से हराया, जिससे 2024 के फाइनलिस्ट के लिए 2-0 की अजेय बढ़त हासिल हुई। इससे पहले, ह्यूबर्ट हर्काज़ ने अलेक्जेंडर शेवचेंको पर शानदार जीत के साथ पोलैंड को 1-0 की बढ़त दिलाकर स्विएटेक के निर्णायक प्रदर्शन के लिए मंच तैयार किया। एलेना रयबाकिना, उन कुछ खिलाड़ियों में से एक है जो लगातार पांच बार की प्रमुख चैंपियन स्विएटेक को चुनौती देती है, शनिवार के मैच में एक मजबूत रिकॉर्ड के साथ उतरीं, उन्होंने अपने पिछले छह मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की थी। 2022 विंबलडन चैंपियन ने शुरुआत में ही अपनी खास ताकत का प्रदर्शन किया, और 5-3 की बढ़त हासिल की, जबकि स्विएटेक कई फोरहैंड त्रुटियों से जूझ रही थीं।चुनौतियों का सामना करते हुए, स्विएटेक ने अपनी लय पाई, रैलियों में गति बढ़ाई और खेल के अपने चौथे ब्रेक पॉइंट पर 5-5 से वापसी की। स्विएटेक ने फिर 6-5 पर दो सेट पॉइंट अर्जित किए, लेकिन रायबाकिना ने संघर्ष किया और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया।

लेब्रोन जेम्स ने माइकल जॉर्डन के सबसे ज्यादा 30-पॉइंट गेम का रिकॉर्ड तोड़ा

लॉस एंजिल्स। लेब्रोन जेम्स ने अटलांटा के खिलाफ लॉस एंजिल्स लेकर्स के मैच के दौरान माइकल जॉर्डन के 30 अंकों के एनबीए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।5:58 मिनट शेष रहते जेम्स ने अपने करियर में 563वीं बार नियमित सत्र में कम से कम 30 अंक बनाए, जिससे 2003 में जॉर्डन द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जॉर्डन ने 15 सत्रों में 1,072 करियर खेलों में रिकॉर्ड बनाया, जबकि जेम्स ने 22 सत्रों में अपनी 1,523वीं उपस्थिति में यह रिकॉर्ड तोड़ा। जेम्स ने ओहियो के अक्रोन में अपने बचपन के दौरान जॉर्डन को अपना आदर्श माना, और जब उन्होंने मार्च 2019 में एनबीए की करियर स्कोरिंग सूची में जॉर्डन को पीछे छोड़ते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया, तो उस पल ने उन्हें लेकर्स की बेंच पर आंसू बहाए। संयोग से, जेम्स ने हॉक्स से लेकर्स की यात्रा के दौरान एनबीए के इतिहास में नियमित सत्र में खेले गए चौथे सबसे अधिक मिनटों के डर्क नोविट्स्की (1,522) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। जेम्स पिछले सप्ताह 40 वर्ष के हो गए, और वे उन कुछ सक्रिय खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से जॉर्डन को 1990 के दशक में शिकागो बुल्स के साथ उनके शीर्ष पर देखा था।

बिग बैश लीग के दौरान चोटिल हुए बैनक्रॉफ्ट, नाक और कंधे में लगी चोट

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कैमरून बैनक्रॉफ्ट को बिग बैश लीग (बीबीएल) मैच के दौरान टीम के साथी डेनियल सैम्स के साथ हुई टक्कर में कंधे और नाक की हड्डी टूट गई। सिडनी टीम थंडर ने उक्त जानकारी दी। पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ मैदान में कैच पकड़ने के दौरान हुई भिड़ंत के बाद बैनक्रॉफ्ट और सैम्स को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भिड़ने के बाद दोनों खिलाड़ी चोटिल हो गए और मैदान पर पड़े रहे। सलामी बल्लेबाज बैनक्रॉफ्ट, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 10 टेस्ट खेले हैं और 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के मामले में नौ महीने के लिए प्रतिबंधित किए गए थे, उनकी नाक से खून बह रहा था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 10 टी20 मैच खेल चुके सैम्स को अपने साथी 32 वर्षीय खिलाड़ी के साथ सिर टकराने के बाद स्ट्रेचर पर ले जाया गया। टीम ने एक बयान में कहा, सिर में चोट लगने के अलावा, बैनक्रॉफ्ट की नाक और दाहिने कंधे की हड्डी में भी फ्रैक्चर है।

डबल ओलंपिक पदक विजेता फ्रेड केर्ली मियामी पुलिस के साथ कथित विवाद में गिरफ्तार

नई दिल्ली। डबल ओलंपिक पदक विजेता फ्रेड केर्ली को मियामी पुलिस ने रात गिरफ्तार कर लिया और उन पर मारपीट के आरोप लगाए। पुलिस के साथ झड़प के दौरान उन पर टेजर से हमला किया गया। 29 वर्षीय अमेरिकी धावक ने 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में कांस्य और 2020 टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता। वह हिट और 100 मीटर रिले स्पर्धाओं में पूर्व विश्व चैंपियन भी हैं।स्थानीय समाचार चैनल फॉक्स 7 न्यूज ने मियामी पुलिस के हवाले से कहा कि केर्ली सक्रिय जांच स्थल पर पहुंचे और प्रयासों में बाधा उत्पन्न की। उन्होंने अपनी कार के पास चिंता व्यक्त की जो पास में ही खड़ी थी। धावक को क्षेत्र खाली करने के लिए कहा गया, लेकिन उसने मना कर दिया। पुलिस ने दावा किया कि यह आक्रामक हो गया और फिर उसने उसे बिजली के झटके दिए, यह बॉडी कैम फुटेज में देखा जा सकता है जिसे बाद में स्थानीय टीवी चैनलों पर दिखाया गया। पुलिस के एक बयान में कहा गया, स्थिति को शांत करने के अधिकारियों के प्रयासों के बावजूद, प्रतिवादी ने लड़ाई का रुख अपनाया और उनके वैध आदेशों की अनदेखी करना जारी रखा। जब अधिकारियों ने उसकी गिरफ्तारी को प्रभावी बनाने का प्रयास किया, तो उसने सक्रिय रूप से उनके प्रयासों का विरोध किया।

आईएसएल 2024-25: मेजबान ओडिशा एफसी को एफसी गोवा ने 4-2 से हराया

एजेंसी

भुवनेश्वर। एफसी गोवा ने ओडिशा एफसी के खिलाफ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में अपना अपराजित प्रदर्शन जारी रखा है। गौर्स ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए आईएसएल 2024-25 के मुकाबले में मेजबान ओडिशा एफसी को 4-2 से हराया है। एफसी गोवा की जीत में 23 वर्षीय मिडफील्डर ब्राइसन फर्नांडिज ने 8वें व 53वें, राइट-विंगर उदांता सिंह ने 45+2वें और ओडिशा एफसी के राइट-बैक अमेय रानावाडे (आत्मघाती गोल) ने 56वें मिनट में गोल किए। मैच का पहला गोल 8वें मिनट में आया, जब 23 वर्षीय मिडफील्डर ब्राइसन फर्नांडिज ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 किया। फिर 29वें मिनट में मोरोक्कन मिडफील्डर अहमद जाहौह ने पेनल्टी किक पर गोल कर ओडिशा एफसी को 1-1 की बराबरी दिला दी। तीन मिनट में

स्टॉपेज टाइम के दौरान 45+2वें मिनट में राइट-विंगर उदांता सिंह ने गोल करके एफसी गोवा को फिर से बढ़त दिलाते हुए स्कोर 2-1 कर दिया। 53वें मिनट में मिडफील्डर ब्राइसन फर्नांडिज ने अपना दूसरा गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को 3-1 कर दिया। 56वें मिनट में ओडिशा एफसी के राइट-बैक अमेय रानावाडे के आत्मघाती गोल से एफसी गोवा की बढ़त 4-1 हो गई। वहीं, 88वें मिनट में लेफ्ट-विंगर जैरी माविहिंगथांगा ने गोल करके ओडिशा एफसी को कुछ राहत पहुंचाते हुए स्कोर 2-4 कर दिया। मैच के दौरान मेजबान ओडिशा एफसी को 90वें मिनट में झटका भी लगा, जब अहमद जाहौह को दूसरा येलो यानी रेड कार्ड दिखाकर रैफरी ने मैदान से बाहर भेज दिया।

दरअसल, मैच में पिछड़े की हताशा में अहमद जाहौह ने मिडफील्डर साहिल टवोरा को धक्का देकर गिरा दिया था। इसके बाद मेजबान टीम को छह मिनट तक दस खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। जाहौह को पहला येलो कार्ड 35वें मिनट में मिला था। आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 11वां मुकाबला था और आज एफसी गोवा ने सातवीं बार जीत हासिल की। जबकि दोनों के बीच 4 मैच ड्रा रहे हैं। वहीं, ओडिशा एफसी का जीत का इंतजार जारी हैं क्योंकि उसको गौर्स पर अभी तक कोई जीत नहीं मिली है।

लीजेंड 90 लीग में दिल्ली रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करेंगे शिखर धवन

एजेंसी

नई दिल्ली। जैसे-जैसे लीजेंड 90 लीग का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे दिग्गजों के नाम भी सामने आ रहे हैं। इस क्रम में दिल्ली रॉयल्स ने भी सूची जारी की है। फरवरी 2025 में खेले जाने वाले लीजेंड 90 लीग में पूर्व भारतीय स्टार क्रिकेटर शिखर धवन और न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज रॉस टेलर दिल्ली रॉयल्स की बल्लेबाजी क्रम को मजबूती प्रदान करेंगे। धवन टीम का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। इसके अलावा उनके साथ वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमंस, श्रीलंका के एंजेलो परेरा, भारतीय ऑलराउंडर बिपुल शर्मा और वेस्टइंडीज के रयाद एमरिट भी टीम का हिस्सा होंगे।उत्तर भारत के अग्रणी राजमार्ग ब्रांड मन्नत समूह के स्वामित्व वाली दिल्ली रॉयल्स की टीम राष्ट्रीय राजधानी की भावना और गौरव का प्रतीक है। टीम के मालिकों ने अनुभव और कौशल के मिश्रण से सजी अपनी टीम की क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया है। इस बारे में मन्नत ग्रुप के चेयरमैन देवेंदर कादयान ने कहा कि, हमे पूरा विश्वास है कि शिखर धवन और रॉस टेलर जैसे खिलाड़ियों के नेतृत्व में दिल्ली रॉयल्स लीजेंड 90 लीग में एक बेंचमार्क स्थापित करेगी। हमने ऐसी टीम तैयार करने की कोशिश की है जो, मैदान के अंदर और बाहर दोनों ही जगह मजबूती से एक दूसरे के साथ खड़ी रहे। उनकी बात को आगे बढ़ाते हुए मन्नत ग्रुप के प्रतिनिधि मंदीप मलिक ने कहा कि, हम काफी भाग्यशाली हैं, जो टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए हमें इतने बेहतरीन खिलाड़ी मिल पाए हैं। शिखर धवन, रॉस टेलर, लेंडल सिमंस जैसे कई दिग्गजों से सजी हमारी टीम अनुभव और प्रतिभा का खजाना लेकर आती है। हमें पूरी उम्मीद है कि दिल्ली रॉयल्स लीजेंड 90 लीग में जबरदस्त प्रदर्शन करेगी। पिछले हफ्ते एक समारोह के दौरान दिल्ली रॉयल्स ने अपने आधिकारिक लोगो का अनावरण किया था। कवच और ढाल से सजा या यह लोगो टीम की लड़ने की क्षमता, उत्कृष्टता, ताकत, लचीलेपन और वीरता का प्रतीक है।

टीएसएच इलेवन ने सीपी इलेवन को हराकर दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी

कानपुर। टीएसएच इलेवन ने द स्पोर्ट्स हब में खेले गए रोमांचक मुकाबले में सीपी इलेवन को 4 विकेट से हराकर अपनी कौशल और टीम वर्क का शानदार प्रदर्शन किया। मैच का आरंभ टीएसएच इलेवन के टॉस जीतने के साथ हुआ, जिसके बाद उन्होंने फील्डिंग करने का निर्णय लिया। सीपी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाए। उनके बल्लेबाजों ने धीमी शुरुआत की, लेकिन अंत में कुछ तेज रनों की बदौलत टीम एक सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। टीएसएच इलेवन की ओर से गेंदबाजी में मयंक गुप्ता ने कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 4 ओवर में मात्र 14 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए, जिससे सीपी इलेवन का स्कोर बड़ा नहीं हो पाया। इसके अलावा अन्य गेंदबाजों ने भी नियंत्रित गेंदबाजी की, जिससे बल्लेबाज खुलकर रन नहीं बना सके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीएसएच इलेवन की शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने अपनी बेहतरीन

बल्लेबाजी से पारी को संभाला। उन्होंने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए अहम रन जोड़े। हालांकि, सीपी इलेवन के गेंदबाजों ने भी बीच-बीच में विकेट लेकर मैच को रोचक बनाए रखा। आखिरकार, 18.2 ओवर में टीएसएच इलेवन ने 6 विकेट खोकर 115 रन बनाते हुए लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैच में सुमित ने अपनी फील्डिंग से सभी को प्रभावित किया और उन्हें सर्वश्रेष्ठ फील्डर का खिताब दिया गया। वहीं, हसन सर ने अपने शानदार सिक्सर से दर्शकों का दिल जीत लिया और सिक्सर ऑफ द मैच का पुरस्कार हासिल किया। मैच के समापन पर मुख्य अतिथि पीयूष अग्रवाल और सम्मानित अतिथि संजीव पाठक (उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष) ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और पुरस्कार वितरण किया।

मेजबान भारत ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

एजेंसी

लखनऊ। मेजबान भारत की यूथ टीम ने बेहतर रणनीति, दमदार अटैक और उम्दा डिफेंस के सहारे आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर हैंडबॉल (कांटिनेंटल फेज - एशिया) में बांग्लादेश को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 35-29 से हराकर पहली जीत दर्ज की। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप के दूसरे दिन उज्बेकिस्तान ने जीत से यूथ व जूनियर दोनों में दोहरी जीत अपने नाम की। भारत की यूथ अंडर-18 टीम को घरेलू दर्शकों के समर्थन का भी खूब फायदा मिला।

पहले हॉफ में बांग्लादेश ने कड़ी चुनौती दी और मेजबान ने पहले हॉफ में 17-15 से करीबी बढ़त बनाई। दूसरे हॉफ में भारतीय खिलाड़ियो ने लगातार अटैकिंग मूव बनाए लेकिन बांग्लादेश ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। भारत को तेज व सटीक हमलों का फायदा मिला और जवाबी आक्रमण के अवसर को टीम ने बखूबी भुनाया। भारतीय गोलकीपर नवीन ने भी कई उम्दा बचाव करते हुए टीम

की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की ओर से मनीष यादव ने शानदार 9 गोल दागे। उनका साथ देते हुए रवि ने भी 9 गोल करने में सफलता हासिल की।

अंशु ने 7, रोहित ने 6 व सुयश अवस्थी ने 2 गोल किए। बांग्लादेश से मोहम्मद रतुल उद्दीन ने 9 जबकि फर्शीद खान व सोहाग अली ने 5-5 किए। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच भारतीय यूथ टीम के मनीष यादव को मुख्य अतिथि विधान जायसवाल (पीसीएस, कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन, यूपीएसएससी) सहित कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया, हैंडबॉल एसोसिशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह व कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय भी मौजूद थे।

रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन-2: चांगला ब्लास्टर्स और शम वोल्व्स ने पहले दिन की दमदार शुरुआत

एजेंसी

लेह। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन-2 के एक्शन से भरपूर पहले दिन चांगला ब्लास्टर्स ने यूनाइटेड नुबरा को 6-2 से हराया, जिसमें ओपदमा एम के शानदार दो गोलों का योगदान रहा। इसके बाद शम वोल्व्स ने मरीयल स्पावो को 4-1 से हराया, जिसमें उर्गन की शानदार प्रदर्शन और दो गोल प्रमुख रहे। दूसरे दिन के कार्यक्रम में भव्य उद्घाटन समारोह होगा, जिसमें ट्रॉफी और जर्सी का अनावरण, स्केट शार्पनिंग मशीन का हैंडओवर, पक ड्रॉप समारोह और बहुत ही प्रतीक्षित मैच होगा, जिसमें कांग सिंग्स (गत चैंपियन) और शकर चिक्तान रॉयल की टीमें आमने-सामने होंगी। चांगला ब्लास्टर्स, जो इस खेल में विजिटिंग टीम के रूप में आए थे, ने पहले ही

मिनटों में आक्रामकता से मैच की गति निर्धारित की, पहले पीरियड में चार गोल करते हुए एक मात्र गोल यूनाइटेड नुबरा से हुआ। जेमोटुप ने गोल की शुरुआत की, इसके बाद तुनातुप ने लगातार दो गोल कर एक मजबूत बढ़त बनाई। फिर त्सेवांग टी ने चौथा गोल कर चांगला ब्लास्टर्स की स्थिति मजबूत कर दी। यूनाइटेड नुबरा का एकमात्र जवाब ओपदमा एम द्वारा था, जो एक गोल के साथ स्कोर को 4-1 कर गए, लेकिन खेल के रुख को नहीं बदल सके।दूसरे पीरियड में यूनाइटेड नुबरा ने अपनी रक्षा को मजबूत किया और चांगला ब्लास्टर्स को गोल करने से रोका, लेकिन वे खुद भी कोई गोल करने में सफल नहीं हो पाए। इस पीरियड का अंत गोलरहित हुआ और स्कोर 4-1 रहा चांगला ब्लास्टर्स के पक्ष में। तीसरे और अंतिम पीरियड में चांगला ब्लास्टर्स ने फिर से अपना दबदबा दिखाया, डॉर्जी एम और आंगचुक डब्ल्यू ने गोल करके टीम की बढ़त को बढ़ाया। यूनाइटेड नुबरा के तामिम आर ने एक गोल किया, लेकिन यह उनकी टीम के लिए वापसी की उम्मीद नहीं जगा सका। अंततः चांगला ब्लास्टर्स ने 6-2 के स्कोर से शानदार जीत दर्ज की। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग का दूसरा सीजन लेह के नवांग डॉर्जी स्टोबडन (एनडीएस) स्टेडियम में 04 जनवरी 2025 से 13 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

श्रद्धा और सुधा यूपी अंडर-23 टीम में

एजेंसी

महाकुम्भ नगर। आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी की प्रशिक्षु श्रद्धा तिवारी और सुधा शुक्ला का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-23 टीम में हुआ है। अकादमी की कोच स्वाति सिंह के अनुसार विकेटकीपर बल्लेबाज श्रद्धा तिवारी और वामहस्त स्पिनर सुधा शुक्ला उनसे ही प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। श्रद्धा टीम की उपकप्तान भी बनाई गई हैं। उत्तर प्रदेश की टीम 5 से 12 जनवरी के बीच अपने मुकाबले खेलेगी। पहला मैच पुदुचेरी (पोंडीचेरी) से होगा। यूपी के ग्रुप में हिमाचल, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और विदर्भ की टीम भी है।

लीजेंड 90 लीग : हरियाणा ग्लेडिएटर्स में शामिल हुए हरभजन सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह फरवरी से शुरू हो रहे लीजेंड 90 लीग में हरियाणा ग्लेडिएटर्स की तरफ से जादू बिखेरते नजर आएंगे। 103 टेस्ट और 236 एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुके हरभजन का अनुभव निश्चित तौर पर ग्लेडिएटर्स के बहुत काम आने वाला है। इसके अलावा टीम में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेन डंक, श्रीलंकाई ऑलराउंडर असेला गुणरत्ने और गेंदबाज पवन सुयाल, अनुरीत सिंह और प्रवीण गुप्ता को भी शामिल किया गया है। हरियाणा ग्लेडिएटर्स का स्वामित्व रियल स्टेट की अग्रणी फर्म शुभ इंफ्रा के पास है।

टीम के बारे में शुभ इंफ्रा के निदेशक हरीश गर्ग ने एक बयान में कहा कि हरियाणा ग्लेडिएटर्स साहस, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के मूल्यों पर बनी है। हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि हरभजन सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी के नेतृत्व में हमारी टीम सफलता के नए आयाम स्थापित

करेगी। शुभ इंफ्रा के निदेशक सनी सहगल ने कहा कि हमारी टीम युवा ऊर्जा और अनुभव का बेहतरीन मिश्रण है। इस लीग का अनूठा प्रारूप क्रिकेट को अलग तरह से परिभाषित करने का एक बेहतरीन मंच है और ऐसे में इस यात्रा का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। इससे पहले पिछले महीने हरियाणा ग्लेडिएटर्स ने अपनी टीम के लोगो का अनावरण किया था। दहाड़ते हुए शेर से सजा लोगो साहस, शक्ति और लचीलेपन की शानदार छवि दर्शाता है। लीजेंड 90 लीग 90 बॉल क्रिकेट का ऐसा ताबड़तोड़ प्रारूप है, जो न केवल क्रिकेट को नए तौर पर परिभाषित करता है, बल्कि क्रिकेट के पूर्व दिग्गजों का ऐसा उत्सव है, जो उन्हें फिर से उसी गौरव का अनुभव कराता है, जो कभी हुआ करता था। लीग में 7 फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी और लीग का प्रारूप जिस तरह से नजर आ रहा है, निश्चित तौर पर यह प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक अनुभव होने वाला है।

बीसीसीआई की चैलेन्जर ट्राफी में खेलेंगी नगर की तीन खिलाड़ी

एजेंसी

कानपुर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी में खेलने के लिए नगर की तीन महिला खिलाड़ियों का चयन किया गया है। अब यह खिलाड़ी रविवार से चेन्नई में शुरु हो रही ट्राफी में प्रतिभाग कर बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगी। कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) के सचिव कौशल कुमार सिंह ने बताया कि बीसीसीआई की ओर से घोषित एक दिवसीय चैलेन्जर ट्रॉफी टीम में केसीए की अर्चना देवी, गरिमा यादव (टीम-बी) एवं तृप्ति सिंह का चयन (टीम-सी) में किया गया है। इन खिलाडियों में अर्चना देवी (ऑफ ब्रेक गेंदबाज) तृप्ति सिंह (बल्लेबाज) एवं गरिमा यादव (मध्यम गति की तेज गेंदबाज) हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में अर्चना एवं तृप्ति का चयन नवम्बर माह में सम्पन्न हुई चैलेन्जर ट्राफी में हुआ था। इसमें अर्चना देवी एवं तृप्ति सिंह कानपुर के रोवर्स क्लब से क्रिकेट की बारीकियां सीख कर पहले प्रदेश और अब चैलेंजर ट्रॉफी में खेलती नजर आएंगी। जबकि गरिमा यादव

जीआईसी जैसे छोटे मैदान में क्रिकेट की नर्सरी से सीख कर प्रदेश की टीम में अपना नाम शामिल करवाने में सफल रही हैं। बोर्ड की चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयनित तीनों खिलाडियों ने पिछले माह सम्पन्न हुई एक दिवसीय सीनियर महिला चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम की ओर से खेलते हुये शानदार प्रदर्शन किया था।

यूपी स्टेट क्लोज स्क्वैश चौंपियनशिप में आर्यन और उन्नती बनी चैंपियन

एजेंसी

कानपुर। धामपुर के आर्यन प्रताप सिंह व प्रयागराज की उन्नती त्रिपाठी ने टीएसएच यूपी स्टेट क्लोज स्क्वैश चौंपियनशिप में क्रमशः पुरुष व महिला वर्ग की विजेता ट्रापी जीतने का श्रेय प्राप्त किया। आज यहां 'द स्पोर्ट्स हब' में खेले गये पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में आर्यन प्रताप सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये अपने ही शहर धामपुर के राघव वशिष्ठ को 3-1 से हराकर चौंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। इधर, महिला वर्ग की खिताबी भिड़ंत में प्रयागराज की उन्नती आशानुरुप प्रदर्शन किया और धामपुर की खुशबू को सीधे सेटों में 3-0 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। इसके अलावा अंडर-19 वर्ग के फाइनल मैच में धामपुर के राज यादव ने अपने शहर के आयुष पाल को 3-0 से हराकर विजेता ट्राफी पर कब्जा कर लिया। उधर, अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल मैच में धामपुर के राघव वशिष्ठ ने धामपुर के हर्षित पाल को 3-0 से हरा दिया। अंडर-15 बालक वर्ग में धामपुर के अभिनव तोमर ने प्रयागराज के मधुर आनंद को 3-0 से, अंडर-13 बालक वर्ग के फाइनल मैच में धामपुर के अंश कुमार ने वाराणसी के शुभम कुमार को 3-0 से और धामपुर के काव्य शंकुश ने वाराणसी के अतुल उपाध्याय को 3-1 हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। वेस्ट प्लेयर का अवार्ड वाराणसी के नवोदित आठ वर्षीय खिलाड़ी आदर्श प्रजापति को दिया गया। फाइनल मैचों की समाप्ति के बाद विजेता-उप विजेता खिलाड़ियों को %द स्पोर्ट्स हब% की निदेशक प्रज्ञा अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किये। इस मौके पर यूपी स्क्वैश रैकेट एसोसियेशन के वाइस प्रेसीडेंट उल्लास वाही व शिवराज शाह ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर स्क्वैश को 25 सालों से प्रोत्साहित करने के लिये डॉ. यदुपति सिंहानिया कप कानपुर क्लब को प्रदान किया गया। यूपी स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के सचिव विनय पांडेय ने स्वागत व टीएसएच के डायरेक्टर आपरेशंस पीके श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का आभार ज्ञापित किया। रेफरी में अब्दुल कादिर, धीरज सिंह पटेल, हसन रजा, राजेंद्र कश्यप और मो. शाकिब शामिल रहे।

आसान नहीं है सिडनी की पिच, मैच पूरी तरह खुला है : प्रसिद्ध कृष्णा

एजेंसी

सिडनी। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का मानना है कि सिडनी की असामान्य उछाल वाली पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है और मैच अभी पूरी तरह खुला हुआ है। गौरतलब है कि गावस्कर बार्डर ट्राफी की मौजूदा सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में भारत ने मेजबान टीम के खिलाफ न सिर्फ पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल की बल्कि दूसरी पारी में रिषभ पंत (61) की धुआंधार पारी की मदद से अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन बना लिये। इस तरह भारत की कुल बढ़त अब 145 रन की हो चुकी है मगर रनो के लिहाज से अभी भी भारत को काफी बल्लेबाजी करनी होगी।

इसके बावजूद प्रसिद्ध कृष्णा भारत की अब तक मिली बढ़त

को चुनौतीपूर्ण मानते है। दिन के खेल की समाप्ति के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होने कहा कि सिडनी में पिच से मिल रही असामान्य उछाल में बल्लेबाजी करना चुनौती भरा है। ऑस्ट्रेलिया के लिए चौथी पारी में बल्लेबाजी करना आसान नहीं होगा। उन्होने कहा पिच के कुछ हिस्सों से गेंद को परखना मुश्किल हो रहा है। गेंद कभी-कभी नीचे रह रही है। हमारे पास मैच में बने रहने का पूरा मौका है। हमें पर्याप्त उछाल हासिल कर बल्लेबाज को बल्ले की दोनों ओर से छकाना होगा और किनारा लगने पर कैच लपकने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा हमने फिलहाल जीतने लायक रन के लिये कोई विशेष संख्या तय नहीं की है मगर रविवार को बनने वाला हर रन हमारी जीत की भूमिका तय करेगा।

आस्ट्रेलिया की पहली पारी में तीन विकेट चटकाने वाले कृष्णा ने कहा ÷ लंच के समय मुझे अपनी गेंदबाजी का आकलन करने का मौका मिल गया। मैंने टीम के विश्लेषक के साथ बातचीत की और इससे मुझे अंदाजा हुआ कि क्या करना है। लंच के विश्राम के बाद जब गेंदबाजी के लिये आया तो इससे मुझे काफी मदद मिली।

उन्होने कहा ऑस्ट्रेलिया में गेंदबाजी करते हुए मुझे थोड़ा आत्मविश्वास मिला और इससे पहले दलीप ट्रॉफी में लाल गेंद से क्रिकेट खेलने के बाद मैं अच्छी लय में था। इस मैच में जब मुझे गेंदबाजी का मौका मिला तो शुरुआत में थोड़ी घबराहट थी। पहला ओवर अच्छा गया, अगले कुछ ओवर वास्तव में अच्छे नहीं थे। इस टीम में काफी लोग है जिनसे मैच गेंदबाजी के बारे में चर्चा कर सकता हूं। इससे बेहतर करने में मदद मिलती है।

उत्तर प्रदेश भाषा विभाग द्वारा कवि गोपाल दास नीरज की 100वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ
भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान आज दिनांक 04.01.2025 को पद्म भूषण डॉ गोपाल दास नीरज की 100 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कवि गोपाल दास नीरज का साहित्यिक अवदान विषयक संगोष्ठी आयोजन नेशनल पी0जी0 कॉलेज के प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री विद्या बिंदु जी ने की, उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नीरज जी का व्यक्तित्व प्रेरक है उनका ह्यएक स्वप्न के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है,ह्न जैसे गीत आज भी प्रेरणा देते है, वे मानवता के कवि है उन्होंने आने वाली पीढ़ी को अपनी गीतों की विरासत छोड़ी हैं। मुख्य वक्ता प्रो हरि शंकर मिश्र जी ने नीरज जी के व्यक्तित्व को विस्तार पूर्वक रखते हुए कहा कि वे संघर्ष से जन्मे रचनाकार हैं और संघर्ष से ही वे सफलता के शिखर को संस्पर्श कर सकें। काव्य प्रतिभा

का स्फुरण उनमें बाल्यकाल में ही हो गया था, जब वह 9वीं दर्जा में थे तभी उनका गीत संग्रह तैयार हो गया था। मुख्य अतिथि प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित जी ने नीरज के कृतित्व रेखांकित किया। उन्होंने कहा वे जीवन के कवि हैं, यही बात उन्हें आयुष्य प्रदान करती है। मंचीय कविता को शिखर पर ले जाने का श्रेय उन्हें दिया जा सकता है। वे प्रेम और सौंदर्य के कवि है, अतुकान्त कविता के दौर में छांदस कविता को बचाए रखने की आवश्यकता नीरज जी जैसे कवियों ने पूरा किया। मूलतः वह प्रेम से जुड़ी वेदना के कवि थे, इसको उन्होंने जिया भी और कविता को भी दिया।

वे काव्य शास्त्र के ज्ञाता थे साथ ही ज्योतिष और आयुर्वेद के भी अच्छे जानकार थे। मृत्यु बोध से जुड़ी उनकी रचनाओं में अध्यात्म और दर्शन का पुट मिलता है। प्रकृति का मानवीकरण, प्रेम, संवेदना, राष्ट्रीयता आदि मानवता वादी दृष्टिकोण उनकी रचनाओं में मिलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन डा रश्मि शील ने किया।

तिब्बती साहित्यिक स्रोतों की रूपरेखा

"**इस शोध** परियोजना का उद्देश्य समकालीन तिब्बती साहित्यिक स्रोतों की पड़ताल, उनका वर्गीकरण और विश्लेषण था। इस केंद्र में अनुवाद की भूमिका नियामक रही। इस शोध-यात्रा के अंतर्गत 19 विशेष व्याख्यान, 1 दोदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी, तिब्बती भाषा और तिब्बती हर्बल मेडिसिन पर 1 एकदिवसीय राष्ट्रीय संग-कार्यशाला, फिल्म स्क्रीनिंग और परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में दिल्ली, बाइलाकुप्पे, सारनाथ, बोधगया, नालंदा, पटना आदि की यात्राओं द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण तिब्बती संस्थानों में फील्डवर्क किया गया। इनके द्वारा तिब्बती भाषा और शिक्षा, तिब्बती साहित्य, संस्कृति, लोक एवं निर्वासित तिब्बती अवाम की आकांक्षाओं के बारे में विपुल ज्ञान की प्राप्ति हुई। इसके साथ ही हमने 'संकल्य' पत्रिका के साथ जुड़ कर तिब्बती साहित्यिक स्रोतों के क्षेत्र में काम कर रहे अध्येताओं एवं शोधार्थियों से शोध-पत्र आमंत्रित किए। 'संकल्य' पत्रिका का यह विशेषांक इन लोकपत्रों एवं शोध-परियोजना से प्राप्त निष्कषों का सार है।" (अतिथि संपादकीय/ संकल्यः जुलाई-सितंबर,2024)। 402 पृष्ठ के इस भीमकाय विशेषांक के अतिथि संपादक डॉ. भीम सिंह और उनके समस्त सहयोगी सचमुच अभिनंदन के पात्र हैं। उनके इस कार्य ने हिंदी वाङ्मय को सुनिश्चित समृद्धि प्रदान की है। 'संकल्य' परिवार को भी बधाई! 'डेली हिंदी मिलाप' वाले एफएम सलीम और मेरे लिए आज का दिन इसलिए भाग्यशाली रहा कि बीआर अंबेडकर सार्वत्रिक विवि के डॉ. अविनाश ने एक अकादमिक बैठक के बहाने डॉ. भीम सिंह से भेंट का अवसर मुहैया करा दिया और हमें यह अप्रत्याशित भेंट मिल गई।

अज्ञात वाहन की ठोकर से दो बाइक सवार युवकों की मौत

बहराइच। थाना पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक सवार दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन में ठोकर मार दी इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए उपचार के लिए दोनों को पयागपुर सीएससी पहुंचाया गया जहां एक की मौत हो गई दूसरे की गलत हालत गंभीर होने पर उसे बहराइच जिला अस्पताल भेजा गया यहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मृतक दोनों युवक आपस में ममेरे फुफेरे भाई हैं।श्रावस्ती जिले के सोनवा थाना अन्तर्गत ग्राम दामूपुरवा सतरही निवासी अजय पाण्डेय का पुत्र सूरज पाण्डेय (22) अपने मामा सन्तोष शुक्ला निवासी ग्राम शिवदहा पयागपुर आया था।शुक्रवार की रात सूरज अपने ममेरे भाई निखिल उर्फ वेद शुक्ला के साथ किसी काम से बाइक लेकर पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी की तरफ गया था ।मार्ग पर ग्राम इनायत पुर के पास इनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे निखिल शुक्ला व सूरज गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु तत्काल हास्पिटल पयागपुर लाया गया। इलाज के दौरान निखिल की मौत हो गई। सूरज हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड दिया ।

विभागीय कार्य में शिथिलता पर ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी हुए निलम्बित

बहराइच। विभागीय कार्य में शिथिलता बरतने पर दो ग्राम स्तरीय अधिकारियों को निलंबितकर दिया गया है निलंबित होने वाले अधिकारियों में एक ग्राम पंचायत अधिकारी और एक ग्राम विकास अधिकारी शामिल है। जिलाधिकारी की ओर से की गई इस कार्रवाई से पंचायत तथा विकास विभाग में हड़कंप की स्थिति है।
पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत ग्राम प्रधानों के विरूद्ध की गई शिकायत के सम्बन्ध में प्राप्त जांच आख्या की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पाया गया कि ग्राम पंचायत अधिकारी सन्दीप कुमार त्रिपाठी द्वारा जांच अधिकारी को अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम के निर्देश पर प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने अधिकारी सन्दीप तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है।

संरक्षक: संजय शुक्ला,(सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक:
रिजवान सैफ खान

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

संपूर्ण समाधान दिवस पर 89 मामलें आएं, 7 का तत्काल निस्तारण

आजमगढ़
जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में आज तहसील फूलपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 89 मामले आये, जिसमे से 07 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 82 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 61, पुलिस के 17, विकास के 05, विद्युत के 03, नहर के 01, पंचायती राज के 01 एवं मनरेगा के 01 शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों में कम्बल का भी वितरण किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, सीएमओ डॉ अशोक कुमार, डीएफओ जीडी मिश्र, उप जिलाधिकारी फूलपुर सुरेन्द्र नारायण, सीओ फूलपुर एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पर्यटन विभाग ने हेलीपैड के लिए आवंटित भूमि को नकारा

टल गया कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग को हवाई सेवा से जोड़ने का प्रस्ताव, अब नए सिरे से भूमि की तलाश तेज

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को देश के विभिन्न महानगरों से हवाई सेवा से जोड़ने के लिए कारीकोट गांव में हेलीपैड निर्माण के लिए जमीन चिन्हित की गई थी। लेकिन सड़क मार्ग ठीक न होने के चलते पर्यटन विभाग ने रद्द कर दिया है। अब नए सिरे से जगह की तलाश की जा रही है। लेकिन अभी तक हेलीपेड निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश नहीं हो सकी है।प्रदेश सरकार की ओर से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दुधवा नेशनल पार्क के साथ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए कवायद लगभग तीन वर्ष पूर्व शुरू की थी। जिससे लखनऊ और अन्य महानगरों के पर्यटक कम समय में आसानी से जंगल का भ्रमण हवाई मार्ग से कर सकें। इसका लाभ लखीमपुर जिले के लोगों को मिला है। लखीमपुर खीरी में स्थित दुधवा नेशनल पार्क को पर्यटन की हवाई सेवा से जोड़ दिया गया है। वहां हवाई यात्रा शुरू कर दी गई है।इसी तरह जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को भी हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए हैलीपेड निर्माण के लिए मोतीपुर तहसील के ग्राम कारीकोट में जमीन चिन्हित की गई थी लेकिन कारीकोट से जंगल आने जाने तक की सड़क सुविधा बेहतर नहीं है। इसके चलते पर्यटन विभाग ने कारीकोट गांव में हेलीपैड निर्माण कार्य रद्द कर दिया है। ऐसे में अब तहसील प्रशासन की ओर से दूसरे क्षेत्र में हेलीपैड निर्माण के लिए जमीन की तलाश की जा रही है उपजिलाधिकारी ने बताया कि कारीकोट गांव जमीन तलाश कर जिला प्रशासन के माध्यम से शासन को भेजा गया था। लेकिन जमीन के आसपास बेहतर मार्ग न होने के चलते हेलीपैड निर्माण नहीं शुरू हुआ। साथ ही जमीन को हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त न मानते हुए पर्यटन विभाग ने प्रस्ताव को रद्द कर दिया है। ऐसे में कतर्नियाघाट को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए जिले के लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा उपजिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि हेलीपैड निर्माण के लिए 90 बीघा जमीन की तलाश है। पहले के प्रस्ताव को पर्यटन विभाग ने रद्द कर दिया है। ऐसे में इतनी जमीन एक ही स्थान पर हो, इसके लिए तहसील के सभी ग्राम पंचायतों में स्थित जमीन की जांच की जा रही है।इस संबंध में कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी बी शिवशंकर का कहना है कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग को हवाई मार्ग से जोड़ने की कवायद चल रही है। हवाई मार्ग के लिए हेलीपेड निर्माण की जमीन तहसील प्रशासन देगा। विभाग को सिर्फ जंगल की दूरी की रिपोर्ट बनाकर भेजनी रहेगी। कारीकोट गांव जंगल से दूर है। जिसकी एनओसी दे दी थी, लेकिन पर्यटन विभाग ने उस जमीन को उपयुक्त नहीं माना है।

पब्लिक इंटरेस्ट थिंकर्स असेंबली (पिता)" संस्था द्वारा जायसवाल स्कूल के वार्ड 7 और 8 में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन

चंदौली :- पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में "पब्लिक इंटरेस्ट थिंकर्स असेंबली (पिता)" संस्था द्वारा 4 जनवरी शनिवार को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह शिविर जायसवाल स्कूल के वार्ड 7 और 8 में आयोजित किया गया` शिविर का उद्देश्य आमजन को आयुष्मान कार्ड धारक बनने में सहायता प्रदान करना

और पात्र लोगों को तुरंत इस योजना का लाभ उपलब्ध कराना था आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज किया जा सकता है जिसका पूरा खर्च सरकार वहन करती है` इस शिविर में 55 लोगों ने पात्रता परीक्षण के लिए भाग लिया जिनमें से 25 लोगों को मौके पर ही आयुष्मान कार्ड के तहत सुविधा प्रदान की गई इनमें 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों की संख्या प्रमुख रही जबकि कुछ राशन कार्ड धारकों को भी लाभ मिला पिता संस्था के अध्यक्ष सतनाम सिंह ने उपस्थित आगंतुकों को इस योजना के लाभ और इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया` शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और जरूरतमंदों तक सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को पहुंचाने में योगदान दिया इस निःशुल्क आयुष्मान कार्ड कैंप में "पिता" संस्था के सदस्य कुलविंदर सिंह, विकास खरवार,अमित महलका,अजहर अंसारी,योगेंद्र यादव अल्लू,बिजेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा,रवनीत सिंह,हमीर शाह बुद्ध, नीतेश जैस ,प्रवीर यादुवेंदु,प्रिया जैस, राजेश गुप्ता,अंकिता राज,महेश नारायण, रीना यादव,रुचिका शाह,श्वेता कौर,फिरोज खान,मुकेश शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे

नवनीता कुंअर पब्लिक स्कूल में स्मार्ट संस्था द्वारा "भारत में धार्मिक स्थलों का प्रबंधन" विषय पर किया गया संगोष्ठी का आयोजन`

वाराणसी :- नवनीता कुंअर पब्लिक स्कूल सुसुवाही परिसर में स्मार्ट संस्था द्वारा 4 जनवरी शनिवार को कार्यक्रम "भारत में धार्मिक स्थलों का प्रबंधन" विषय पर आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता राजेश कुमार राय प्रबंधक नवनीता कुंअर पब्लिक स्कूल सुसुवाही द्वारा की गई` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजीव श्री गुरुजी प्रवक्ता इतिहास बी.एच.यू.,अतिथि बृजभूषण ओझा "पूर्व अध्यक्ष काशी विश्वनाथ,न्यास परिषद" तथा अधिवक्ता राजेश मिश्रा पूर्व अध्यक्ष "बनारस बार एसोसिएशन" रहे` कार्यक्रम का मुख्य बिंदु स्वतंत्रता पश्चात देश में धार्मिक स्थलों का कुशल प्रबंधन करने को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता व्याप्त करना था इसी संदर्भ को लेकर अर्जुन पांडे,गणपति तिवारी, नागेश्वर मिश्रा,राजेश मिश्रा ने अपने विचार अवलोकित किया`कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राजेश राय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि "हमें अपने संस्कृति और सभ्यता के प्रति जागरूक एवं सचेत रहकर जीवन यापन करना चाहिए ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ीयों को एक अक्षुन भारत दे पाए` कार्यक्रम का समापन करते हुए धन्यवाद ज्ञापन में प्रधानाचार्य डॉ दिवाकर राय ने भारत की संस्कृति तथा मंदिरों के विशाल सभ्यता को प्रदर्शित करते हुए अपने विचारों को प्रस्तुत किया मंच संचालन शिक्षिका शेफाली पटेल ने किया कार्यक्रम मे अन्य गणमान्य नागरिक तथा शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही

सपा नेता विष्णु शर्मा "विश्वकर्मा" ने नगर आयुक्त से प्रमुख चौराहो पर अलाव जलाने की मांग

वाराणसी :- भीषण ठंड को देखते हुए अलाव की व्यवस्था न होने पर सपा नेता ने नगर आयुक्त से वार्ता की है` सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा "विश्वकर्मा" ने नगर आयुक्त अक्षय वर्मा को फोन कर बताया कि इस समय भीषण ठंड मे शहर के प्रमुख चौराहे एवं अन्य स्थानो पर अलाव जलाने हेतु लकड़ी नही उपलब्ध कराई जा रही है` भीषण ठंड वजह से जन जीवन प्रभावित हो रहा है।

भीषण शीतलहर से कांपा तराई क्षेत्र, छोटे बच्चों के स्कूल 15 जनवरी तक बंद

बहराइच। पिछले लगभग एक सप्ताह से तराई क्षेत्र में भीषण सेट लहर शुरू हो गई है। दो दिनों से सूरज का दर्शन न होने तथा बर्फीली हवाओं के चलने से जनजीवन पूरी तरह से हस्त व्यस्त हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश से छोटे बच्चों के स्कूल 15 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। जिला प्रशासन व्यापारिक तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से कंबल वितरण का काम कर रहा है। नगर पालिका परिषद की ओर से अलाव जलवाए जा रहे हैं।
जिले में शीत लहर का प्रकोप सोमवार से तेज हुआ बीच में एक दिन धूप निकलने से लोगों ने राहत महसूस की लेकिन पिछले दो दिनों से सूरज के दर्शन न होने तथा बर्फीली हवाओं के चलने से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। सड़कों पर शाम 7:00 से ही सन्नाटा शुरू हो जाता है। मुख्य बाजार में भी ग्राहकों की अपेक्षाकृत कम भीड़ दिखाई देती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि लगभग एक माह तक मौसम की यही स्थिति रहेगी। शीत लहर के प्रकोप से मजदूरों को काम मिलने में समस्या उत्पन्न हो रही है तथा रोजमर्रा की आय पर निर्भर रहने वाले ठेले और खोमचे से अपने परिवार का भरण पोषण करने वालों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। गौशाला में जानवर तथा सड़कों पर भी इंसान के साथ-साथ जानवरों की जिंदगी शीत लहर के कारण कठिन होती जा रही है। शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए अब तक कुछ सामाजिक संगठनों ने चाय इत्यादि के वितरण की भी व्यवस्था की है। जिलाधिकारी की ओर से रैन बसेरा का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

तहसील समाधान दिवस पर दिखा शीतलहर का असर कल 317 शिकायत आई निस्तारित हुई सिर्फ 28

बहराइच। नए साल का पहला संपूर्ण समाधान दिवस शीत लहर की चपेट में दिखा। इस मौके पर कुल 317 मामले आए जिसमें से केवल 28 मामलों का निस्तारण हो पाया सर्वाधिक मामले पयागपुर में है जबकि सबसे कम तहसील सदर में रहे। शनिवार को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी दिनेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 113 प्रार्थना-पत्रों में से 09 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 81 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 08, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 08 के सापेक्ष 01, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 15 के सापेक्ष 01, नानपारा में प्राप्त 43 के सापेक्ष 06 व महसी में प्राप्त 27 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार धमेन्द्र कुमार सिंह नायब तहसीलदार, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दोहरे हत्याकांड के आरोपी शिवम को रिमांड पर लेगी भांवरकोल पुलिस

भांवरकोल /गाजीपुर। थाना क्षेत्र के समीपवर्ती नरही थाना क्षेत्र में मुठभेंड के बाद गिरफ्तार बदमाश शिवम को वारंट बी के जरिए रिमांड पर लेगी भांवरकोल पुलिस। ज्ञात हो कि कोटवां में गत 1जनवरी को हुए दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी शिवम भागते समय रास्ते में थाना क्षेत्र के सजना चट्टी पर पान बिस्कुट बेचने वाले मनियां गांव निवासी आशीष राय पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर मौके से भाग निकला था। जिसका इलाज वाराणसी के ट्रामा सेंटर में चल रहा है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि इस घटना में शिवम् राय के खिलाफ नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। पुलिस जल्द ही उसे कोर्ट से वारंट बी के जरिए उसे रिमांड पर लेगी।

दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें अफसर

बहराइच। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बहराइच-लखनऊ मार्ग व बहराइच-लखीमपुर मार्ग पर दुर्घटना बाहूल्य क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट्स) के सुधारात्मक/सुरक्षात्मक कार्य अन्तर्गत मानक के अनुसार सुरक्षा संकेतक बोर्ड, हाईमास्ट लाईट व रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवाएं। डीएम ने कहा कि शरद ऋतु में अक्सर नो पार्किंग जोन में खड़े बेतरतीब वाहन अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, इसलिए प्रभावी गशत कर रोड के किनारे खड़े वाहनों का चालान नियमानुसार कार्यवाही की जाय साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि रोड के दोनों साईड पर नो-पार्किंग जोन में वाहन न खड़े हों।डीएम मोनिका रानी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि गशत के दौरान हाईवे पर खड़े वाहनों का संज्ञान लेते हुए उन्हें वाहन न खड़ा करने की ताकीद की जाय। सम्बन्धित द्वारा यदि आदेशों की अवहेलना की जाती है तो सम्बन्धित वाहन स्वामियों को नियमानुसार नोटिस जारी की जाय। पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि गशत के दौरान खनन कार्य में संलिप्त वाहनों पर भी नजर रखी जाय। डीएम ने नगर पालिका परिषद व पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र को जाम की समस्या से मुक्त कराने हेतु रोड के दोनों किनारों पर स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें।डीएम ने पिछली बैठक की अनुपालन आख्या पर चर्चा के दौरान नगर क्षेत्र में रोड के किनारे रखे हुए ट्रांसफार्मर्स की शिफटिंग न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर दुर्घटना का कारण बन सकने वाले ट्रांसफार्मर को प्राथमिकता के आधार पर शिफ्ट कराया जाय। डीएम ने ईओ को यह भी निर्देश दिया गया कि नगर क्षेत्र में उपयुक्त स्थान पर टैक्सी स्टैण्ड बनवाकर विभिन्न स्थानों पर संचालित स्टैण्डों को वहां पर शिफ्ट करा दिया जाय।इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम सदर राकेश मौर्या, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर रमेश चन्द्र पाण्डेय, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन, बीएसए, ईओ नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह, डीआईओएस, एनएचआई व एन.एच. के अधिकारियों सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास कार्यशाला कल

बहराइच। सूक्ष्म लघु एवं मध्यमों को गति प्रदान करने एवं अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आर्कषित करने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना लागू की गई है। योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित किये जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग ने बताया कि कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच के प्रांगण में 06 जनवरी 2025 को मध्यान्ह 12.00 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। श्री वर्मा ने योजना की पात्रता रखने वाले युवकों से कार्यशाला में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि योजना की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बहराइच से सम्पर्क किया जा सकता है।

ब्राह्मण वेलफेयर महासभा ने अजय कुमार पाण्डेय के इलाज हेतु 25076 रुपए का आर्थिक सहयोग किया

बहराइच। जिले के विशेश्वरगंज महेशरा पुरैना निवासी अजय कुमार पाण्डेय जिनकी कल एक भीषण सड़क दुर्घटना में दायां हाथ शरीर से पूरी तरह कट कर अलग हो गया था।गोण्डा के एक निजी अस्पताल में जहाँ अजय पाण्डेय का इलाज चल रहा है ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र की अगुवाई में परिवार से मिलकर ब्राह्मण वेलफेयर महासभा की तरफ से उनकी पत्नी को सभी के सहयोग से एकत्र 25076 रुपये की सहयोग राशि सौंपी।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी